page 1_Layout 1 14-10-2026 21:39 Page 1



डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » वीरवार, 15 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :172 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



समृति जम्वाल ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के नूरपुर क्षेत्र की युवा धाविका समृति जम्वाल ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में उनकी इस उपलब्धि ने साबित किया कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। समृति की सफलता खेलों में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

आज का संदेश

मेहनत और हौसले से हर मंजिल हासिल की जा सकती है।

परविंदर सिंह झोटा मर्डर केस में बोले सीम मान

आरोपी की जितनी मर्जी ऊपर तक पहुंच क्यों न हो, कोई रियायत नहीं मिलेगी : सीएम मान

मामले में पंजाब पुलिस की तरफ से कोई भी कमी नहीं छोड़ी जाएगी

- कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल पाया गया, तो उसे भी बिल्कुल नहीं बख्शेंगें
- पंजाब सरकार का नशा बेचने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। मानसा में परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पहला बयान सामने आया है। सीएम मान ने कहा कि इस मामले में पंजाब पुलिस की तरफ से कोई भी कमी नहीं छोड़ी जाएगी। अपराधियों की पहुंच चाहे जितनी मर्जी ऊपर तक क्यों न हो, किसी के साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। सीएम मान ने साफ किया है कि मुख्य आरोपी को पहले ही पके लिया गया है, लेकिन यदि इस हत्याकांड के पीछे कोई साजिश हुई है और इसमें कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल पाया गया, तो उसे भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार का नशा बेचने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है। राज्य में चाहे मेडिकल नशा हो या किसी भी अन्य तरह से नशा बेचने का अवैध कारोबार, सरकार इसके खिलाफ युद्ध स्तर पर ले ई ले रही है। अपराधियों की पहुंच चाहे जितनी मर्जी ऊपर तक क्यों न हो, किसी के साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी।

ऐसी घटना दुर्भाग्यपूर्ण, पीड़ति परिवार को न्याय जरूर मिलेगा

सीएम मान ने परमिंदर सिंह झोटा के परिवार के प्रति गहरी संवेदना और हमदर्दी प्रकट करते हुए कहा कि एक जवान बेटा दुनिया से चला गया है, जिसकी भरपाई तो नहीं हो सकती, पर ऐसी घटना होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पंजाब के सभी नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है और विश्वास दिलाया है कि पीड़ति परिवार को न्याय जरूर मिलेगा।

परविंदर झोटा हत्याकांड का आरोपी अश्विनी कुमार राजस्थान से गिरफ्तार

सिख संगठनों ने बंद कराया मानसा

- हालांकि, पुलिस ने गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है
- सिख संगठनों के आह्वान पर शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद

डेली आवाज भारती



मानसा। पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण है। इस मामले में आरोपी केमिस्ट अश्विनी कुमार को राजस्थान के सालासर से गिरफ्तार किए जाने की खबर सामने आई है। हालांकि, पुलिस ने गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वहीं, झोटा की हत्या के विरोध में सिख संगठनों ने मानसा बंद करवाया है। शहर की दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं। संगठनों ने लोगों से पीड़ति परिवार के समर्थन में खड़े होने और नशे के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। मानसा में 15 अक्टूबर को पंजाब बंद की कॉल दी गई है। बताया जा रहा है कि मानसा में चल रहे संघर्ष के दौरान गठित एक्शन कमेटी ने पूरे पंजाब को बंद करने का फैसला लिया है। संघर्ष कमेटी की ओर से मांग की गई है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब के डीजीपी इस्तीफा दें। फिलहाल, इस मामले में परिवार की CBI जांच की मांग, मानसा बंद और पुलिस की कार्रवाई पर सबकी नजर बनी हुई है।

पुरानी रंजिश का पहलू बताया गया

पंजाब पुलिस के DIG हरजीत सिंह के मुताबिक, शुरुआती जांच में पुरानी व्यक्तिगत रंजिश का पहलू सामने आया है। साल 2023 में झोटा ने अश्विनी कुमार पर प्रतिबंधित कैप्सूल बेचने का आरोप लगाया था। उस समय दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज हुए थे। वहीं स्पेशल ष्टास्क्फ़ोर्स एंड ऑर्डर प्रवीण सिन्हा ने कहा विशेष टीमें बनाई और पंजाब तथा हरियाणा में छापेमारी होगी। पुलिस अंतिम संस्कार के लिए परिवार पर दबाव नहीं बनाएगी।

ईडी ने रिलायंस पावर की 2,032 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कीं



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) की भारत में 2,032.81 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां जब्त की हैं। जांच एजेंसी की ओर से बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, जब्त की गई संपत्तियों में आरपीएल के बैंक खातों में जमा राशि और सासन पावर लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी शामिल है। इन संपत्तियों का मूल्य कंपनी द्वारा भारत के बाहर रखी गई उस विदेशी मुद्रा के बराबर है, जिसे फेमा की धारा 4 का उल्लंघन करते हुए विदेश में रखा गया था।

ध्रुव राठी को गुरुग्राम आवास पर नए सिरे से नोटिस, 8 साल पुराने मामले में 17 अक्टूबर को सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के एक पुराने मामले में नए सिरे से समन जारी करने का आदेश दिया है। यह मामला विकास सांक्रित्यायन उर्फ विकास पांडे की ओर से दायर किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ध्रुव राठी के 'बीजेपी आईटी सेल पार्ट-2' वीडियो को लेकर यह मामला दर्ज कराया गया था। अदालत ने समन की तामील के लिए दस्ती सेवा की अनुमति भी दी है। मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। जानकारी के अनुसार, अदालत ने 12 अक्टूबर को पारित आदेश में ध्रुव राठी के गुरुग्राम स्थित आवास पर समन भेजने की प्रक्रिया नए सिरे से आगे बढ़ाने की अनुमति दी।



परविंदर झोटा हत्याकांड के विरोध में 'पंजाब बंद' आज

डेली आवाज भारती

मानसां मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के विरोध में 15 अक्टूबर को पंजाब बंद की कॉल दी गई है। बताया जा रहा है कि मानसा में चल रहे संघर्ष के दौरान गठित एक्शन कमेटी ने पूरे पंजाब को बंद करने का फैसला लिया है। इस बंद को राजनीतिक पार्टियों ने भी समर्थन किया है। शिरोमणि अकाली दल परमिंदर सिंह झोटा के पूरे परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। वहीं, पंजाब कांग्रेस की ओर से 15 अक्टूबर को पूरे पंजाब में बुलाए गए बंद का पूर्ण समर्थन किया जाएगा। शिरोमणि

राजनीतिक पार्टियों ने किया समर्थन



अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने 15 अक्टूबर को पंजाब बंद का समर्थन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इन हालात के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। उन्हें यह स्वीकार करना


कांग्रेस भी कर चुकी बंद का समर्थन

वहीं पूर्व कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग ने भी परविंदर झोटे को लेकर बंद का समर्थन किया है। राजा वड़िंग ने कहा कि पंजाब में युवाओं को नशे से बचाने के लिए परविंदर सिंह झोटे ने अपनी जान कुर्बान कर दी। नशे को बंद करना सरकार चाहिए कि वे पंजाब में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल रहे हैं और उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्टी कल उनके पिता की ओर से बंद के आह्वान का दिल से समर्थन करती है।

आईआरजीसी का दावा, 'होर्मुज में बारूदी सुरंग से टकराकर डूबा जहाज'

डेली आवाज भारती

लंदन/ तेहरान,। ईरान की मीडिया में बुधवार को कुछ वीडियो साझा किए गए हैं। इसे लेकर आईआरजीसी (ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स) ने दावा किया है कि एक बारूदी सुरंग से टकराकर मालवाहक जहाज डूब गया। वहीं यूकेएमटीओ ने भी 2 जहाजों पर प्रोजेक्टाइल हमले की जानकारी दी है। ईरानी मीडिया आउटलेट तस्नीम ने आईआरजीसी के हवाले से बताया है कि मालवाहक जहाज में 2500 कंटेनर थे। कथित तौर पर टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई थी। दावा किया जा रहा है कि जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग से टकराकर कोई



जहाज डूबा है। समाचार एजेंसी आईएसएनए ने फिलहाल जहाज पर कितने लोग सवार थे और इस घटना में किसी की मौत हुई या नहीं, इसको लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। आईआरजीसी ने बुधवार को बताया, जहाज होर्मुज के पास एक ऐसे रास्ते से गुजर रहा था, जिसे इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं थी और रास्ता खतरनाक था।÷ ईरान पिछले कुछ दिनों से लगातार चेतावनी देता रहा है कि अगर कोई जहाज उसकी ओर से तय किए गए रास्ते से हटकर चलेगा, तो उसके नतीजे की जिम्मेदारी उसकी अपनी होगी। दूसरी ओर यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स (यूकेएमटीओ) ने भी दो टैंकर्स के डूबने की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया है कि मंगलवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में अलग-अलग घटनाओं में दो कमर्शियल जहाजों पर ÷अज्ञात प्रोजेक्टाइल÷ से हमला हुआ। पहली घटना में, 50,000 टन का एक कंटेनर जहाज जलडमरूमध्य में प्रवेश करते समय हमले की चपेट में आ गया। समुद्री सुरक्षा की निगरानी करने वाली एजेंसी के अनुसार, जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, और वह सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा जारी रखने में सक्षम रहा। दूसरी घटना में, 19,000 टन का एक कंटेनर जहाज जलमार्ग से बाहर निकलते समय एक अज्ञात प्रोजेक्टाइल की चपेट में आ गया। एजेंसी ने बताया कि इसे भी मामूली नुकसान पहुंचा, जहाज पर किसी के घायल होने की खबर नहीं है, और उसने अपनी यात्रा जारी रखी।

लुधियाना जेल में ड्रग्स तस्करी की रिपोर्ट पर भड़कीं हरसिमरत कौर, भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः लुधियाना जेल में ड्रग्स खरीदने के लिए गूगल पे के इस्तेमाल और जेल कर्मचारियों, गार्डों तथा कैदियों के बीच कथित सुनियोजित गठजोड़ को लेकर सामने आई रिपोर्ट पर शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए हरसिमरत कौर ने कहा कि भगवंत मान को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और



राज्य सरकार इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। हरसिमरत कौर ने अपने पोस्ट में कहा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं की दिनदहाड़े हत्या की जा रही है। जो लोग सरकार के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं, उन्हें प्रताड़ति कर चुप कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्रग्स तस्करों को ऐसे सिस्टम का संरक्षण मिल रहा है, जिस पर खुद नशे के कारोबार को बढ़ावा देने के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेलें अब जेल कर्मचारियों, सुरक्षा गार्डों और कैदियों के गठजोड़ के जरिए ड्रग्स तस्करी के मजबूत अड्डों में बदल चुकी हैं।

अकाली दल की नेता ने यह भी कहा कि पंजाब में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि माफिया के हौसले इतने बढ़ चुके हैं कि पुलिस के सहायक उप-निरीक्षकों (एएसआई) तक की हत्या की जा रही है और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। हरसिमरत कौर ने मुख्यमंत्री भगवंत मान, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि आखिर वे इस गंभीर मुद्दे पर जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए रोजाना कई प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाती हैं, लेकिन नशे की समस्या के मूल मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब की माताएं और बेटियां हर दिन अपने बेटों को नशे की वजह से खो रही हैं, लेकिन राज्य सरकार जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आम आदमी पार्टी सरकार ने इस संकट की जिम्मेदारी स्वीकार की है। अपने पोस्ट के अंत में हरसिमरत कौर ने कहा कि किसी भी सरकार के लिए इससे बड़ी शर्म की बात नहीं हो सकती कि उसके शासन में नशे का कारोबार और उससे जुड़ी आपराधिक गतिविधियां इस तरह बढ़ती जाएं।

मेरठ में सौरभ राजपूत हत्याकांड में मेरठ कोर्ट ने मुस्कान और साहिल को सुनाई फांसी की सजा

- जज ने इस हत्याकांड को नृशंस बताते हुए कहा कि इसमें माफी स्वीकार नहीं की जा सकती

डेली आवाज भारती

उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ राजपूत हत्याकांड में अदालत ने मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल को फांसी की सजा सुनाई है। दोनों पर सौरभ की हत्या करने का आरोप था। सजा सुनाते हुए जज ने इस हत्याकांड को नृशंस बताते हुए कहा कि इसमें माफी स्वीकार नहीं की जा सकती। फैसले के दौरान दोनों आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत से जुड़े और भावुक होकर



रोने लगे। जानकारी मिलने के बाद सौरभ राजपूत की मां भावुक हो गई और रो पड़ीं। कहा कि उन्हें शांति से न्याय मिल गया है। परिवार के लिए यह मामला लंबे समय से इंसाफ की लड़ाई बना हुआ था। अदालत में जज ने मुस्कान रस्तोगी से पूछा कि पति सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में दोषी होने के बाद वह क्या सजा चाहती है। इस पर मुस्कान ने कहा कि उसकी बच्चियों का ख्याल रखा जाए। इसके बाद वह चुप हो गई। जज ने साहिल से भी इसी तरह सवाल किया, लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे सका और खामोश रहा। इस दौरान दोनों फूट-फूटकर रोने लगे।

जज ने हत्याकांड बताया नृशंस

सजा का ऐलान करते हुए जज ने हत्याकांड की गंभीरता पर टिप्पणी की। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अदालत ने इसे नृशंस हत्या करार देते हुए कहा कि इस मामले में माफी स्वीकार नहीं होगी। सौरभ राजपूत की हत्या 3 मार्च 2025 को हुई थी। हत्या के बाद उसके शव के पांच टुकड़े किए गए और उन्हें नीले रंग के ड्रम में भर दिया गया था। इस जघन्य वारदात ने पूरे देश में लोगों को झकझोर दिया था। इस मामले में फांसी की सजा सुनाई है।

सीईसी के खिलाफ सड़क से अदालत तक लड़ाई लड़ेगा विपक्ष, जंतर-मंतर पर साझा अभियान की तैयारी

- राहुल गांधी के आवास पर हुई बैठक में बनी रणनीति

डेली आवाज भारती

नई दिल्लीः मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई जारी रखने की तैयारी में है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर जारी विरोध को साझा अभियान में बदलने के लिए INDIA गठबंधन जंतर-मंतर पर प्रदर्शन और रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली की रणनीति बना रहा है। रैली से पहले मॉक पार्लियामेंट आयोजित करने का सुझाव भी सामने आया है। 13 अक्टूबर को राहुल गांधी के आवास पर हुई बैठक में



विपक्षी दलों के नेताओं के साथ छात्र संगठनों और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आंदोलन के अगले चरण, जंतर-मंतर पर साझा मोर्चा बनाने और कानूनी लड़ाई जारी रखने पर चर्चा हुई।

राहुल का संदेशः 24 घंटे में जुटने को रहें तैयार बैठक में राहुल गांधी ने नेताओं और संगठनों से जरूरत पड़ने पर 24 घंटे के नोटिस पर जुटने के लिए तैयार रहने को कहा। उनका जोर अलग-अलग प्रदर्शनों को साझा अभियान में बदलने पर था। विपक्ष SIR और चुनाव आयोग की जवाबदेही से जुड़े सवालों को राजनीतिक बहस में बनाए रखना चाहता है। जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाए जाने के बाद विपक्ष इस मुद्दे को प्रदर्शन के अधिकार से जोड़ रहा है। बैठक में RJD नेता तेजस्वी यादव और CPI महासचिव डी राजा ने इस पर चिंता जताई।

सीईसी के इस्तीफे रख विरोध जारी रखने की कही बात

CPI(ML) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक संघर्ष जारी रखने की बात कही। तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष और शिवसेना (UBT) के संजय राउत ने भी अभियान जारी रखने का समर्थन कियाअदालत की कार्यवाही के बाद तय होंगे अगले कदम 12 अक्टूबर को विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च किया था। अब विपक्ष कानूनी प्रक्रिया के साथ जन आंदोलन जारी रखना चाहता है। जंतर-मंतर पर साझा अभियान और रामलीला मैदान की प्रस्तावित रैली आंदोलन के अगले चरण का हिस्सा हो सकते हैं।

परविंदर झोटा के परिवार से मिलने जा रहे चन्नी को पुलिस ने रोका

सांसद बोले-युवाओं को जागना होगा, तभी पंजाब बचेगा

- पुलिस ने चन्नी को परिवार से मिलने से पहले ही आगे जाने नहीं दिया
- सरकार घटिया चालें चल रही, पंजाब पुलिस हर मोड़ पर रोक रही है

डेली आवाज भारती

मानसा। मानसा में परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मिलने जा रहे पूर्व सीएम व जालंधर के सांसद चरणजीत सिंह चन्नी को पुलिस ने



रोक लिया। पुलिस ने चन्नी को परिवार से मिलने से पहले ही आगे जाने नहीं दिया। चन्नी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। चन्नी ने एक्स पर लिखा कि हम परविंदर झोटा के परिवार से मिलने जा रहे हैं, लेकिन मान सरकार घटिया चालें चल रही है। पंजाब पुलिस हमें हर मोड़ पर रोक रही है। इस दौरान चन्नी समर्थकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। जिसके बाद चन्नी ने पुलिस वालों से कहा कि आपके पास हमें रोकने का कोई अधिकार नहीं है। चन्नी ने परमिंदर के पिता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि कमेटी की तरफ से जो भी निर्देश दिए जाएंगे, कांग्रेस पार्टी और हर पंजाबी उनके साथ खड़ा होगा। लोगों ने आरोपी के दुकान को आग लगा दी है।

अब युवाओं को जागना होगा, तभी पंजाब बचेगा

सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने युवाओं से एकजुट होने और अपनी जवानी बचाने की अपील की। युवाओं को जागना होगा और नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। जब युवा खुद सुरक्षित रहेंगे, तभी पंजाब की जवानी को बचाया जा सकेगा। परिवार और समर्थक मांग कर रहे हैं कि मामले की ष्टछ्वह्लह्य जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

CMYK

page 2_Layout 1 14-10-2026 17:17 Page 1

नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के साथ युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा को नशामुक्त करने और प्रदेश की युवा शक्ति को नशे के चंगुल से बचाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को 'संकल्प' (SANKALP) सोसायटी की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए एक व्यापक और समन्वित रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है ताकि प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे और नशे की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए सात प्रमुख संकल्पों पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। इनमें ड्रग मुक्त थाना क्षेत्र बनाना, तस्कर मुक्त जिला सुनिश्चित करना, नशे की गोलियों से मुक्त केमिस्ट शॉप, नशे के विरुद्ध परिवार का सहयोग, इलाज युक्त अस्पताल, सुविधा युक्त स्कूल, जहां नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता, विद्यार्थियों की काउंसलिंग और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है–'नशा मुक्त हरियाणा, युवाओं के भविष्य को बचाना।' उन्होंने निर्देश दिए कि नशे की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते समय केवल नशा बेचने वाले व्यक्ति तक सीमित न रहा जाए, बल्कि यह भी पता लगाया जाए कि उसके पास नशीले पदार्थ कहां से पहुंचे और इसके पीछे कौन-सा नेटवर्क सक्रिय है। नशे की आपूर्ति के स्रोतों, तस्करी के नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखी जाए। पुलिस के सहयोग से नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी जांच और समुचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए कि संकल्प सोसायटी को हर माह अपने कार्यों के ठोस परिणाम प्रस्तुत करने होंगे। यह भी आकलन किया जाएगा कि नशे की उपलब्धता कम करने, युवाओं को उपचार से जोड़ने और नशे की ओर दोबारा लौटने की प्रवृत्ति रोकने में कितनी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मैराथन, साइक्लोथोन और अन्य जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है। लेकिन अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि नशे की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। संकल्प सोसायटी को यह भी निगरानी करनी होगी कि कितने युवाओं को नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचाया गया, कितने युवाओं ने अपना उपचार पूरा किया और उपचार के बाद वे दोबारा नशे की गिरफ्त में न आएं। इसके लिए उपचार के साथ-साथ निरंतर निगरानी, पुनर्वास और परिवार के सहयोग पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति तक सहायता पहुंचे और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए सकारात्मक अवसर, सही मार्गदर्शन तथा अनुकूल वातावरण मिले। इसी उद्देश्य के लिए सरकार ने 'संकल्प' सोसायटी का गठन किया है। इसके अंतर्गत गृह, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया जाएगा, ताकि नशे की रोकथाम से लेकर पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास तक सभी स्तरों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं में अपार क्षमता है और उन्हें सही दिशा, अवसर तथा सहयोग उपलब्ध कराना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

हरियाणा की मंडियों में फसल खरीद की स्थिति पर सरकार की पैनी नजरः राजेश नागर

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की फसल की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। सरकार के मंत्री एवं विधायक लगातार मंडियों का दौरा कर खरीद व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को फसल बिक्री के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

नागर आज चंडीगढ़ में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित 'विश्व मानक दिवस-2026' समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही सभी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों (डीएफएससी) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर विभिन्न जिलों की मंडियों में पहुंच रही फसल और खरीद व्यवस्था की समीक्षा की गई थी। अब तक उन्हें खरीद प्रक्रिया से संबंधित किसी शिकायत की जानकारी नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर निचले इलाकों में पानी भरने के कारण नमी की समस्या सामने आई थी, जिसे सुखाकर दूर कर लिया गया है। मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए भी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। किसानों की शिकायतों से जुड़े सवाल पर राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मंडियों में फसल खरीद की स्थिति की समीक्षा की थी। बैठक में सभी मंडियों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई और अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं किसान परिवार से संबंध रखते हैं और किसानों की समस्याओं तथा उनकी जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। इसी के मद्देनजर सभी जिलों के उपायुक्तों और डीएफएससी को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त, प्रदेश की सभी मंडियों में आईएएस रैंक के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, ताकि खरीद प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी की जा सके। उन्होंने बताया कि किसानों और किसान यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ उनका निरंतर संवाद बना रहता है।

महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजट, गरीब और मध्यम वर्ग पर बढ़ा आर्थिक बोझ : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार वृद्धि से गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि महंगाई संबंधी उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत और खाद्य महंगाई दर 7.74 प्रतिशत तक पहुंची थी। प्याज की कीमतों में 108 प्रतिशत, लहसुन में लगभग 55 प्रतिशत और अदरक में करीब 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। सांसद ने कहा कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का सबसे अधिक असर सीमित आय वाले परिवारों पर पड़ता है। सांसद ने कहा कि महंगाई के कारण लोगों को भोजन, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी खर्चों के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो रहा है। दैनिक जरूरतों पर बढ़ता खर्च परिवारों की बचत करने की क्षमता को भी कम करता है। सरकार को ऐसी नीतियां अपनानी चाहिए, जिनसे आम नागरिक को वास्तविक राहत मिले।

कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी निगरानी रखने, जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने तथा खाद्य आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। सांसद ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और उपभोक्ताओं को जरूरी वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। आर्थिक विकास का लाभ तभी सार्थक है, जब आम परिवार सम्मानपूर्वक अपनी आवश्यकताएं पूरी कर सके।

सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की अनाज मंडियों में धान खरीद के दौरान किसानों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई। सांसद ने सिरसा जिले की फग्गू और रोड़ी मंडियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों के अनुसार सुबह धान में 17 प्रतिशत नमी बताई जाती है, जबकि शाम को उसी धान में 20 प्रतिशत नमी दिखाकर खरीद से इनकार किया जा रहा है।

पुलिस ने हेरोइन का नशा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के एएसआई निर्मल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मल्होके रोड जीरा के नजदीक दुकान पर बैठे दोषी विशाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह वासी टिब्बा बस्ती जीरा को हेरोइन का नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में विशाल सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

राजीव गांधी जी की प्रतिमा को विज्ञापन स्थल के रूप में इस्तेमाल करने पर कांग्रेस ने जताया कड़ा विरोध

डेली आवाज भारती



नारनौल। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा को नारनौल प्रशासन द्वारा विज्ञापन स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी महेंद्रगढ़ ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और इस मुद्दे को लेकर जिला उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा। इस विषय पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि राजीव गांधी जी देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित महान नेता थे। देश के विकास, आधुनिक तकनीक, संचार क्रांति और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी प्रतिमा का उपयोग विज्ञापन लगाने के लिए किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने और प्रतिमा की गरिमा एवं सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने नारनौल मंडी का दौरा कर किसानों से मुलाकात की और कहा कि भाजपा सरकार किसान वर्ग को राहत देने के बजाय उस पर नाजायज शर्तें थोपकर परेशान कर रही है। बाजरे की खरीद को लेकर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की नीतियों के कारण किसानों को अपनी मेहनत की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ` 2,900 प्रति क्विंटल निर्धारित है, लेकिन किसानों को खरीद के दौरान ` 2,100 से ` 2,200 प्रति क्विंटल के भाव मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यदि किसानों को घोषित एमएसपी के अनुसार अपनी फसल का मूल्य नहीं मिल रहा है, तो यह उनके साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके फसल तैयार करता है, लेकिन जब अपनी उपज बेचने का समय आता है, तो उसे सरकारी शर्तों, नियमों और खरीद व्यवस्था की जटिलताओं से जूझना पड़ता है। जिला कांग्रेस कमेटी महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया ने कहा कि महापुरुषों और देश के महान नेताओं की प्रतिमाएं हमारी ऐतिहासिक विरासत और प्रेरणा का प्रतीक होती हैं।

चोरी के दो मोटरसाईकिलों सहित पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके तीन लोगों को गिर▪तार करके उनके कब्जे से चोरी के मोटरसाईकिल बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिर▪तार किए लोगों के खिलाफ चोरी की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि विशाल उर्फ चिट्टी पुत्र तरसेम वासी इंद्रा कालोनी चुंगी नंबर 7 मकान नंबर 81 फिरोजपुर छावनी, करन उर्फ घुन्नी पुत्र तरसेम उर्फ घोना वासी गांव नौरंगके लेली वाला व हरजिन्द्र उर्फ मिरजा पुत्र कश्मीर वासी मनजीत पैलेस के साथ वाली गली काशी नगरी फिरोजपुर शहर मोटरसाईकिल चोरी करके आगे बेचने के आदि है और आज सभी चोरी किए मोटरसाईकिलों पर सवार होकर द▪तर फूड सप्लाई रेलवे स्टेशन पर खड़े ग्राहकों का इंतजार कर रहे है, जिस पर पुलिस ने छापेमरी करके दोषियों को काबू करके उनके कब्जे से चोरी के 2 मोटरसाईकिल बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में विशाल, करन व हरजिन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिले में विभिन्न प्रतिबंधों के आदेश जारी

- पुराना सामान खरीदने या बेचने वाले दुकानदार अपनी दुकानों में सी.सी.टी.वी कैमरे लगवाएं

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट फिरोजपुर डा.अमनदीप कौर ने जिला फिरोजपुर में विभिन्न प्रतिबंधों के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जारी होने की तिथि से 2 महीने तक लागू रहेंगे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जिला फिरोजपुर की सीमाओं के भीतर आने वाले व्यापार मंडल/सवर्णकार, कबाड़ यूनियन आदि के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वह अपने दुकानदार साथियों को प्रेरित करें कि कोई भी व्यक्ति उनके पास पुराना सामान जैसे कि मोबाइल फोन, सोना, चांदी के गहने और बिजली के तार या कोई अन्य उपकरण आदि बेचने आता है तो उससे यह सामान कहां से प्राप्त किया गया है, इसकी पूरी जानकारी लेने के बाद ही खरीदा जाए। सामान बेचने वाले का आधार कार्ड जांचा जाए और साथ ही उसका नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करके रिकॉर्ड अपने पास रखा जाए, तांकि जरूरत पडने पर पूछताछ की जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के वह दुकानदार जो किसी भी तरह का पुराना सामान खरीदने या बेचने का काम करते हैं, उन्हें निर्देश दिया कि वह अपनी दुकानों में सी.सी.टी.वी कैमरे लगवाएं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जेल क्षेत्र के आस-पास 500 मीटर के दायरे में सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। इसी तरह एक अन्य आदेश द्वारा जिला फिरोजपुर के सीमावर्ती क्षेत्र से सटे बी.ओ.पी के निकटवर्ती गांवों में शाम 5 बजे के बाद डी.जे (म्यूजिक सिस्टम), पटाखे चलाने और लेजर लाइटों का इस्तेमाल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी है। एक अन्य निषेध आदेश द्वारा फिरोजपुर में बॉर्डर एरिया में पडने वाली नदी में निजी व्यक्तियों द्वारा रात 7 बजे से सुबह 7 बजे तक नाव चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने एक अन्य आदेश द्वारा जनहित में जिला फिरोजपुर की हद के भीतर किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने पशुओं को सरेआम सडे ों पर या सार्वजनिक स्थानों पर छोडने पर प्रतिबंध लगाया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने फिरोजपुर की हद के भीतर कूड़े-कचरे आदि को खुले में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने फिरोजपुर के इंटरनेशनल बॉर्डर के 25 किलोमीटर के दायरे में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

गुरुहरसहाय एवं लक्खोके बहराम की पुलिस ने 2 किलो 595 हेरोइन, करेटा कार एवं मोबाईल फोन किया बरामद

डेली आवाज भारती

- गिरफ्तार किए दो व्यक्तियों सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह एवं पंजाब सरकार के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करोड़ों रुपए की कीमत की 2 किलो 593 ग्राम हेरोइन, 1 कार और मोबाईल फोन बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के साथ-साथ अज्ञात लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है और पुलिस मामलों की गहनता से जांच कर रही है, तांकि कुछ अह्म सुराग हाथ लग सके। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम की इंस्पैक्टर परमजीत कौर ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर नरिन्द्र सिंह उर्फ मिद्धू पुत्र सुरजीत सिंह वासी गांव दोना मतड़ उर्फ गजनीवाला को गिरफअतार करके उसके कब्जे से 2 किलो 53 ग्राम हेरोइन, 1 करेटा कार और 1 मोबाईल फोन वीवो कंपनी का बरामद किया है।

मामले की जांच कर रही परमजीत कौर ने बताया कि पुलिस उक्त मामलें में जांच कर रही है कि दोषी नरिन्द्र सिंह उक्त हेरोईन कहा से लेकर आया है और उसने उसे आगे कहां डिलीवर करना था। जबकि थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव सैदेके से जाती लिंक रोड पर जाते समय एक नौजवान को मोटरसाईकिल पर खड़े देखा, जिसे शक के अधार पर रोकने की कोशिश की गई तो वह वहां पर हाथ में पकड़ा लिफाफा फैंककर वहां से फरार हो गया और जब लिफाफे को चैक किया गया तो उसमें से पुलिस को 540 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। मामले की जांच कर रहे गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरु कर दी है। इसके अलावा एक अन्य मामलें में थाना गुरु हरसहाय की एस.आई अमनदीप ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर नील कुमार पुत्र राज कुमार वासी बस्ती कृष्ण सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से शक के अधार पर 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे अमनदीप ने बताया पुलिस ने नील पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

लोगों के दरवाजों पर पहुंचे इशू शर्मा, सरकारी योजनाओं को लेकर वार्डवासियों से किया सीधा संवाद

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू) – लोगों से सीधा संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनने और सरकारी सुविधाओं के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी की ओर से बटाला के वार्ड नंबर 14 के अंतर्गत प्रेम नगर और दारा सलाम क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्टी नेता इशू शर्मा ने घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उन्हें पंजाब सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी के नेतृत्व में की गई इस पहल के दौरान लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए पर्चे भी वितरित किए गए। इशू शर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें इन सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी हो। इसी उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ता लोगों से सीधा संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू बजट में बिजली के खर्च की अहम भूमिका होती है। ऐसे में मुफ्त बिजली की सुविधा से कई परिवारों को आर्थिक राहत मिल रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना और जरूरतमंद व पात्र परिवारों को उनका लाभ लेने के लिए सही जानकारी देना बेहद महत्वपूर्ण है। इशू शर्मा ने कहा कि लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना जनसेवा का अहम हिस्सा है। उनके अनुसार, पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास रहेगा कि क्षेत्रवासियों को सरकारी सुविधाओं से संबंधित जानकारी मिलती रहे और उनकी जरूरतों व समस्याओं को भी सुना जाए। इस मौके पर जीवन शर्मा और जग्गा सिंह भी मौजूद थे।

सीआईए स्टाफ पुलिस की गाड़ी को मोटरसाईकिल सवारों ने लापरवाही से मारी टक्कर

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने सीआईए स्टाफ जीरा की गाड़ी को लापरवाही से मोटरसाईकिल के साथ टक्कर मारने वाले मोटरसाईकिल सवार युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता सीनियर सिपाही सीआईए स्टाफ जीरा के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में सीनियर सिपाही गुरजंट सिंह सीआईए स्टाफ जीरा ने बताया कि वह एमटी पास होने के कारण सीआईए स्टाफ जीरा में ड्राईवर की ड्यूटी निभा रहा है और बीते दिन जब वह सरकारी गाड़ी ब्लैरों 112 नंबरी पीबी-65बीएन-8263 को चला रहा था, जब वह गश्त करते हुए गांव पीर मुहम्मद से गांव मलंग शाह वाला होते हुए गांव नंगल पहुंचे और अमी वाला की तरफ से मोटरसाईकिल पर तीन नौजवान बिना हैल्मट पहने हुए आए और उन्होंने सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी।

आईएसआईजी समिट- चिप उद्योग के भविष्य पर भारत में होगी वैश्विक चर्चा, शामिल होंगे उद्योग और नीति जगत के नेता

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। इंटरनेशनल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री ग्रुप (आईएसआईजी) 3-4 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में %आईएसआईजी एग्जीक्यूटिव समिट ईंडिया 2026% का आयोजन करेगा। बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, इस दो दिवसीय सम्मेलन में वैश्विक सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, शोधकर्ता और नीति निर्माता भाग लेंगे। यह कार्यक्रम सेमीकंडक्टर उद्योग को आकार देने वाली तकनीकों, नीतिगत विकास और आपूर्ति श्रृंखला संबंधी प्राथमिकताओं पर चर्चा के लिए एक मंच का काम करेगा। यह समिट अमेरिका, ताइवान, दक्षिण कोरिया और यूरोप में आयोजित आईएसआईजी की 2026 एग्जीक्यूटिव समिट श्रृंखला के बाद आयोजित की जा रही है, जिनमें सभी सीटें पूरी तरह भर गई थीं। आईएसआईजी ने यह भी पुष्टि की है कि यह समिट 30 नवंबर से 1 दिसंबर, 2027 तक फिर से भारत में आयोजित की जाएगी।

भारत सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में अपने लक्ष्यों को %इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन% (आईएसएम) जैसी नीतिगत पहलों के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। ऐसे में इस समिट का उद्देश्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के बीच इकोसिस्टम विकास, तकनीकी सहयोग और वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में भारत की भूमिका पर संवाद को बढ़ावा देना है। आईएसआईजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक सलाह नसरी ने कहा, ÷भारत अब सेमीकंडक्टर की कहानी के भविष्य का अध्याय नहीं है, बल्कि वर्तमान का हिस्सा है।

उन्होंने कहा, ÷हम आईएसआईजी की समिट श्रृंखला को नई दिल्ली लेकर आए हैं क्योंकि यहां एडवांस्ड पैकेजिंग, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू विनिर्माण को लेकर लिए जा रहे फैसले अगले दशक की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को आकार देंगे। हमारी भूमिका उद्योग जगत के अधिकारियों, नीति निर्माताओं और निवेशकों को एक मंच पर लाना है और फिलहाल भारत वही जगह है, जहां यह बातचीत सबसे ज्यादा जरूरी है।÷ कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अतिरिक्त सचिव अमितेश कुमार सिन्हा सहित कई सरकारी प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

समिट के एजेंडे में एडवांस्ड पैकेजिंग, आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी), पावर इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सिलिकॉन कार्बाइड (एसआईसी) और गैलियम नाइट्राइड (जीएएन) जैसी वाइड-बैंडगैप सेमीकंडक्टर तकनीकों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

इसके अलावा प्रतिभागी भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति, आपूर्ति श्रृंखला विकास और उभरती प्रौद्योगिकी प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे। आईएसआईजी में भारत की महाप्रबंधक और पावर सेमीकंडक्टर प्रमुख डॉ. शालू अग्रवाल ने कहा, ÷भारत के पास प्रतिभा, नीतिगत गति और बाजार तीनों मौजूद हैं, जो उसे वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बना सकते हैं।

page 3_Layout 1 14-10-2026 17:47 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ›› वीरवार, 15 अक्तूबर 2026

पंजाब के मानसा में परविंदर झोटा हत्याकांड के बाद तनाव


आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई, दुकान में आगजनी

- झोटा हत्याकांड पर गरमाई पंजाब की राजनीति

डेली आवाज भारती

मानसा। पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है और मृतक के परिजन मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) से जांच कराने समेत कई मांगों पर अड़े हैं। इसी बीच, प्रशासन ने मामले के मुख्य आरोपी अश्वनी कुमार के घर पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई शुरू की है। वहीं, गुस्साई भीड़ द्वारा आरोपी की दुकान में आग लगाए जाने की भी जानकारी सामने आई है। राजस्थान के सालासर से हिरासत में लिया गया आरोपी इस मामले में मेडिकल स्टोर संचालक अश्वनी कुमार को राजस्थान के सालासर से हिरासत में लिया गया है। परविंदर सिंह झोटा की हत्या के विरोध में मानसा में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। घटना के बाद मंगलवार को शहर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला था। बुधवार को भी बाजार बंद रहने का असर दिखाई दिया। मृतक के परिवार की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। परिवार ने सीबीआई जांच की मांग भी उठाई है।

परविंदर सिंह झोटा की हत्या का मामला अब राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है। विभिन्न दलों के नेता पीड़ित परिवार से मुलाकात कर रहे हैं और न्याय की मांग का समर्थन कर रहे हैं। लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने झोटा के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इससे पहले विधायक सुखपाल सिंह खैरा भी मानसा पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर चुके हैं।



विपक्षी नेताओं को मानसा जाने से रोकने की खबरें

हत्याकांड के विरोध में चल रहे आंदोलन में शामिल होने के लिए मानसा जा रहे कुछ विपक्षी नेताओं को पुलिस द्वारा रोके जाने की खबरें भी सामने आई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, अकाली दल के नेता और विधायक मनप्रीत सिंह इयाली को मानसा जाने से रोककर हिरासत में लिया गया। इसके अलावा होशियारपुर और गुरदासपुर में वारिस पंजाब दे से जुड़े कुछ नेताओं को घरों में नजरबंद किए जाने की भी खबरें हैं। बताया जा रहा है कि ये नेता परविंदर सिंह झोटा को न्याय दिलाने के लिए चल रहे आंदोलन में शामिल होना चाहते थे। हालांकि, इन कार्रवाइयों को लेकर पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह मेडिकल स्टोर संचालक अश्वनी कुमार ने परविंदर सिंह झोटा पर कथित तौर पर बेहद करीब से तीन गोलियां चलाई थीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से मानसा में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। पुलिस और प्रशासन मामले से जुड़ी कार्रवाई में जुटे हैं।

खरड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिले 6 नए आम आदमी क्लीनिक, स्वास्थ्य क्रांति को मिला और बढ़ावा

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया। पंजाब सरकार की ओर से राज्य में स्वास्थ्य क्रांति के तहत लोगों को बेहतर और मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत पंजाब सरकार की ओर से आज राज्य के लोगों को 154 और आम आदमी क्लीनिक समर्पित किए गए हैं। इसके तहत खरड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी 6 नए आम आदमी क्लीनिक मिले हैं, जो गांव सिंघपुरा, त्यौड़, तोगां, मछली कलां, चटौली और बडाली में स्थापित किए गए हैं। इन क्लीनिकों के उद्घाटन के अवसर पर पंजाब युवा विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने गांव चटौली और मछली कलां का दौरा किया तथा सिंघपुरा में आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ कुराली नगर कौंसिल के प्रधान बहादुर सिंह ओ.के., कौंसलर अश्वनी कुमार, अमनदीप सिंह रॉकी और संजीव राणा भी मौजूद थे।



इसके अलावा एस.एम.ओ. अलकजोत और क्लीनिक का स्टाफ भी उपस्थित था। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लीनिक लोगों को उनके घरों के नजदीक मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन क्लीनिकों के खुलने से लोगों को अपने क्षेत्र में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और इलाज के लिए दूर-दराज जाने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलों से आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिल रहा है और सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। इसी तरह गांव बडाली में आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन ब्लॉक समिति के चेयरमैन सरदार रघुवीर सिंह मोदी की ओर से किया गया। इस अवसर पर डॉ. हरजिंदर सिंह, डॉ. सरोज, ब्लॉक घड़ूंआं के नोडल अधिकारी, मीडिया इंचार्ज बलजीत सिंह, हरभजन सिंह बडाली, जसवीर सिंह और जुझार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आम आदमी क्लीनिकों में लोगों को आवश्यक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

मामला गांव अलीपुर में किसान की मक्की की फसल खराब करने का..

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर दो लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): **थाना** मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन गांव अलीपुर में किसान की मक्की की फसल को खराब करने वाले दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई सुखपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता रदियाल सिंह पुत्र सुखचैन सिंह वासी गांव अलीपुर ने बताया कि उसकी मक्की की फसल को पिछले 3 साल से गुरमलिक सिंह पुत्र सतपाल सिंह व सतपाल सिंह पुत्र गज्जन सिंह वासी गांव अलीपुर खराब कर रहे है और इस वर्ष भी उसकी मक्की की फसल सूख गई है और उसे दोषियों ने ही खराब किया है। मामले की जांच कर रहे सुखपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ को समर्पित विशेष व्याख्यान आयोजित

डेली आवाज भारती

अमृतसरः गुरु की नगरी के 450 वर्ष विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के पूर्व मुख्य सचिव श्री करनबीर सिंह सिद्धू ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। व्याख्यान का शुभारंभ विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री अमृतसर साहिब के ऐतिहासिक, धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए शहर के भविष्यपरक विकास से संबंधित विचार प्रस्तुत किए गए। उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अपने विकासपरक दृष्टिकोण में शामिल करते हुए योजनाएं तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि शहर की ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए इसके सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर विचार-विमर्श में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा, ताकि शहर के भविष्य से जुड़े विषयों पर साझा दृष्टिकोण विकसित किया जा सके। उप-कुलपति ने अमृतसर शहर की प्राकृतिक सुंदरता को और निखारने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, प्राकृतिक सौंदर्य को बेहतर बनाने और पर्यावरण में सुधार के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री अमृतसर साहिब की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहचान के साथ-साथ इसकी प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित रखना भी महत्वपूर्ण है। शहर के विकास की दिशा निर्धारित करते समय इसकी विरासत और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री करनबीर सिंह सिद्धू ने अमृतसर के ऐतिहासिक विकास, इसकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत तथा शहर की विशिष्ट पहचान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने शहर की विरासत को समझने और इसके महत्व को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ केवल अतीत को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि शहर के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नई योजनाएं तैयार करने और सामूहिक प्रयासों की दिशा निर्धारित करने का महत्वपूर्ण समय भी है।



गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में 'कैंपस से कॉरपोरेट और उद्यमिता तक' विषय पर कार्यशाला आयोजित

डेली आवाज भारती

अमृतसर,के.एस. बेदी। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल द्वारा गोल्डन जुबली सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन तथा करियर लॉन्चर के सहयोग से 'कैंपस से कॉरपोरेट और उद्यमिता तक' विषय पर एक दिवसीय संवादात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ को समर्पित थी। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना, उनकी व्यावसायिक दक्षता को निखारना और उन्हें उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला के दौरान करियर लॉन्चर के निदेशक श्री नितिन अग्रवाल ने विशेषज्ञ के रूप में शिरकत करते हुए दो विशेष सत्र आयोजित किए। पहले सत्र 'विद्यार्थी से कॉरपोरेट क्षेत्र के योग्य पेशेवर तक' में विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत की आवश्यकताओं, प्रभावशाली प्रोफाइल तैयार करने, साक्षात्कार की तैयारी और व्यावसायिक कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विचार-विमर्श, व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडी के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि कॉरपोरेट क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए किन योग्यताओं की आवश्यकता होती है।



सितंबर माह में सेवानिवृत हुए 13 रेल कर्मियों को 01.30 करोड़ से अधिक की राशि का समापन देय का किया गया भुगतान

- मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को राशि का भुगतान कर सम्मान चिंह देकर किया सम्मानित एवं दी शुभकामनाऐं

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में सितंबर माह 2026 के दौरान सेवानिवृत्त हुए कुल 13 रेलकर्मियों को 01.30 करोड़ से अधिक की राशि का समापन देय भुगतान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा प्रदान किया गया। सेवानिवृत के पश्चात् 6 तरह का भुगतान किया जाता है जिसमें पीपीओ, ग्रेचुएटी, कम्मुटेशन, लीव इन कैशमेंट, जीआईएस तथा पीएफ शामिल है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने सेवानिवृत रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा की गई रेल सेवा हेतू आभार व्यक्त किया एवं उनकी अच्छी सेहत की कामना करते हुए कहा कि आपका जीवन स्वस्थ, सुखद और समृद्ध हो। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सेवानिवृत रेलकर्मियों से कहा कि अपनी पेमेंट का उपयोग सोच-समझ कर करें। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती साक्षी सिंह ने सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों से अपील की कि वह किसी भी प्रकार के साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहें। उन्होंने सभी को सलाह दी कि अपनी सेवानिवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज किसी के साथ साझा न करें। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक नितिन गर्ग, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती साक्षी सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी, मंडल अभियंता/हेडक्वार्टर आकाशदीप, मंडल यांत्रिक अभियंता अचरज गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



सेवानिवृत कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक राशि का भुगतान कर सम्मान चिंह देकर सम्मानित कर शुभकामनाऐं देते हुए।

45 ग्राम हेरोइन एवं मोबाईल फोन सहित पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 45 ग्राम हेरोइन और मोबाईल फोन बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर, थाना कुलगड़ी, थाना तलवंडी भाई एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के एच.सी परमिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर जगीरा पुत्र लाल चंद वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के एएसआई जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अनिल उर्फ लेली पुत्र विजय व नवीन उर्फ टोनी पुत्र रोशन लाल वासी चुंगी नंबर 8 फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 25 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुदेश कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर लवप्रीत सिंह उर्फ लभा पुत्र सुन्दर लाल वासी गांव जोगेवाला व मनिंद्र सिंह उर्फ लाली पुत्र साहिब सिंह वासी गांव शुरताणा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन और 1 मोबाईल फोन रैडमी काला रंग और थाना मल्लांवाला के एएसआई महेश सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरविन्द्र सिंह पुत्र बख्शीश सिंह वासी गांव गुरदित्ती वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

बिजली कर्मचारियों ने बैठक कर सर्वसम्मति से किया पदाधिकारियों का चुनाव

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): टेक्निकल सर्विस यूनियन सब-अर्बन-सब-डिवीजन गुरुहरसहाय का चुनाव मंडल समिति जलालाबाद द्वारा बैठक करके सर्वसम्मति से सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में करवाया गया। इस बैठक में मंच संचालन सुखदेव सिंह की तरफ से किया गया। बैठक में काम-काज, फंड और सब अर्बन के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए एजेंडा निर्धारित किया गया और बैठक के बाद चुनाव डिवीजन के नेताओं द्वारा कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति से संदीप कुमार बाजेके को अध्यक्ष और मनीष कुमार पंजेके को उपाध्यक्षचुना गया। इस दौरान सब डिवीजन गुरुहरसहाय की नवनिर्मित समिति को मंडल अध्यक्ष शेर सिंह द्वारा कार्रवाई रजिस्टर सौंपा गया और सुखदेव सिंह सचिव, परविंदर सिंह अध्यक्ष सिटी, करण शर्मा सिटी सचिव डिवीजन, संदीप कुमार बट्टी, गुरप्रीत सिंह, देवेंद्र सिंह, मंदर सिंह आदि ने साथियों को संबोधित किया। मालूम हो कि इस चुनाव में डिवीजन से जसविंदर पाल उपाध्यक्ष, संदीप मिड्ढा, संदीप कुमार सचिव डिवीजन ने विशेष तौर पर हिस्सा लिया और इस चुनाव में राजेंद्र सिंह डिवीजन सचिव पेंशनर एसोसिएशन, नरेश सेठी ग्रुप नेता और श्रिंगार चंद प्रदेश सचिव भी शामिल हुए। अंत में दोनों सब डिवीजनों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वह पूरी ईमानदारी से काम करेंगे और कर्मचारियों की मांगों को हल करवाऐंगे।



बिजली कर्मचारियों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों संबंधी जानकारी देते हुए सीनियर नेता।

दशहरा स्थल बदलने के लिए प्रेस क्लब ने एसडीएम को मांगपत्र सौंपा

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): दशहरा समिति द्वारा 20 अक्तूबर को फरीदकोट रोड पर खाली पड़ी जगह में दशहरा मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। इस स्थान के पास पेट्रोल पंप होने और यातायात की परेशानीयों को देखते हुए सुरक्षा संबंधी सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में गुरुहरसहाय प्रेस क्लब के चेयरमैन सुनील विक्की की अध्यक्षता में क्लब के सदस्यों ने एसडीएम के नाम सुपरिटेंडेंट केवल कृष्ण को ज्ञापन सौंपकर मंजूर की गई जगह पर पुनर्विचार करने और जरूरत पडने पर किसी अन्य सुरक्षित स्थान का चयन करने की मांग की। क्लब के प्रतिनिधियों, प्रधान कपिल कंधारी, उपप्रधान मनजीत सियूना, सचिव गगन मक्कड़, मनीष पिंडी, संरक्षक फकीर चंद सिकरी, मुकेश गुप्ता ने कहा कि समारोह स्थल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप है। इसके अलावा फरीदकोट रोड पर बसों और अन्य वाहनों का यातायात लगातार बना रहता है और पास में रिहायशी इलाका भी है। उन्होंने आशंका जताई कि आतिशबाजी और रावण दहन के दौरान कोई अनहोनी घटना घट सकती है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा, यातायात और आपातकालीन प्रबंधों का पुनर्जायजा लेने की मांग की। इस अवसर पर अधीक्षक केवल कृष्ण ने बताया कि पेट्रोल पंप के मालिक की ओर से भी इस जगह पर दशहरा ना मनाने संबंधी ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने प्रेस क्लब के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह एसडीएम से बात करके इस मामले का समाधान करेंगे।



दशहरा स्थल बदलने के लिए प्रेस क्लब के पदाधिकारी एसडीएम के नाम पर सुपरिटेंडेंट केवल कृष्ण को मांगपत्र सौंपते हुए।

क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब ने मीटिंग करके फिरोजपुर छावनी ब्लॉक का किया चुनाव

अवतार सिंह गिल को ब्लॉक फिरोजपुर छावनी का अध्यक्ष नियुक्त किया

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब की विशेष मीटिंग जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग के दौरान संगठन की मजबूती और किसानों व आम लोगों के मसलों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक फिरोजपुर छावनी का चुनाव करवाया गया, जिसमें अवतार सिंह गिल को ब्लॉक अध्यक्ष, मेजर सिंह हरीपुर को सचिव और रणजीत सिंह बघेल सिंहवाला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नेताओं ने उम्मीद जताई कि नव-नियुक्त अध्यक्ष संगठन की नीतियों और विचारों को लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ किसानों, मजदूरों और आम लोगों के हकों के लिए संघर्ष को और मजबूत करेंगे। मीटिंग के दौरान परमिंदर सिंह झोटा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर कल होने वाले पंजाब बंद के समर्थन का फैसला भी किया गया। नेताओं ने कहा कि इंसाफ की प्राप्ति के लिए उठ रही आवाज के साथ एकजुटता जाहिर करना समय की जरूरत है। क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब ने लोगों से पंजाब बंद के आह्वान का समर्थन करने और इंसाफ की इस मांग में सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर गुरजज सिंह सादे हाश्म, गुरमुख सिंह यारेशाह, हरप्रीत सिंह, लखविन्द्र सिंह सुरसिंह वाला आदि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब के पदाधिकारी बैठक में चुनाव एवं अन्य मुद्दों संबंधी जानकारी देते हुए।

page 4_Layout 1 14-10-2026 21:07 Page 1

'मेरा घर-मेरा मान' योजना के तहत कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने गांव महिणियां ब्राह्मणा में 91 संपत्ति मालिकों को वितरित किए मालिकाना कार्ड

डेली आवाज भारती

मालिकाना कार्ड संपत्ति के अधिकारों की स्पष्ट पहचान और स्वामित्व के दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने में होंगे सहायकः हरभजन सिंह ई.टी.ओ.



अमृतसर, (के.एस. बेदी) – 'मेरा घर-मेरा मान' योजना के तहत लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव महिणियां ब्राह्मणा में लाल डोरे के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों के 91 मालिकों को मालिकाना कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लाल डोरे के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों के मालिकों को स्वामित्व संबंधी दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि पहले इन संपत्तियों के मालिकाना दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मालिकाना कार्ड संपत्ति के अधिकारों की स्पष्ट पहचान करने और स्वामित्व संबंधी रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि मालिकाना कार्ड में संपत्ति की सही पहचान और उससे संबंधित आवश्यक विवरण दर्ज किए गए हैं। इनमें देशांतर एवं अक्षांश, छत से ढका क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, खुला क्षेत्रफल तथा सर्वेक्षण इकाई का नक्शा आदि शामिल हैं। इन विवरणों से संपत्ति की स्थिति और क्षेत्रफल संबंधी जानकारी को स्पष्ट रूप से दर्ज करने में सहायता मिलेगी। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजी स्पष्टता न होने के कारण कई बार परिवारों को मालिकाना हकों से जुड़े विवादों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि मालिकाना कार्ड संपत्ति के अधिकारों से संबंधित दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने के साथ-साथ ऐसी समस्याओं को कम करने में भी सहायक सिद्ध होंगे।

विश्व बैंक की चार सदस्यों की टीम ने शहर का दौरा कर अमृतसर बल्क वाटर स्पलाई प्रोजेक्ट की प्रगति का लिया जायजा

डेली आवाज भारती



अमृतसर के.एस. बेदी : शहर में लोगों को निरंतर साफ पानी की स्पालई के लिए पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई अमृतसर बल्क वाटर स्पालई स्कीम प्रोजेक्ट के काम की प्रगति का जायजा लेने के लिए विश्व बैंक की चार सदस्यों की टीम द्वारा शहर का दौरा किया गया। ज्ञात हो की नगर निगम द्वारा विश्व बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के सहयोग से पंजाब म्यूनिसिपल सर्वसिस इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसी प्रजोक्ट के अधीन ए.बी.डब्लयू.एस.एस प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। जिसके तहत आने वाले समय में अपर बारी दौआब नहर के पानी को साफ करके घर-घर स्पलाई किया जाएगा। जिसके लिए वल्ला के पास 44 करो लीटर पानी प्रतिदिन समर्था वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, शहर में नई पानी की टैंकीयों के निर्माण के साथ-साथस पुरानी टैंकियों के नवीनिकरण के साथ-साथ पाईपलाईन बिछाने का काम तेजी से रहा है। विश्व बैंक की टीम में रो ाना निट् टी, मारिया लुईसा, चारू जैन और श्रीति मुंशी द्वारा वल्ला में बनाए जा रहे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ-साथ प्रोजेक्ट से संबंधित अन्य निर्माण स्थलों का दौरा करके प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लिया गया। इसके बाद टीम द्वारा निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिहं शेरगिल के साथ प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक की गई। इस मौके पर निगम कमिश्नर ने बताया की प्रोजेक्ट लगभग अपने अंतिम पे ाव पर पहुँच चुका है और बहुत जल्द ही सिस्टम की टैसटिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने विश्व बैंक की टीम को बताया कि इस प्रोजेक्ट गिरते भूजल को संभालने में मदद मिलेगी। वर्ल्ड बैंक की टीम द्वारा प्रोजेक्ट के तहत काम करने वाले मजदूरों के कल्याण और रहने के लिए बनाए गए कैंपों, आम लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों और निर्माणकार्यों के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण प्रभाव को कम करने के लिए उठाए गए कदमों की सरहाना की। इस मौके पर पीएमआईडीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर हरपाल सिहं भुल्लर, एस.इ प्रोजेक्ट डा. जितिन वासुदेवा, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिहं सैनी (रिटायर्ड चौ इंजीनियर), एक्सईन दिवतेश विर्दी, नरेंद्रपाल सिहं, अशवनी कुमार, सुखबीर सिहं, बादल सोनी, डा. सुमित अरो ा आदि भी उपस्थित थे।

शिव मंदिर रामलीला कमेटी रेलवे फाटक छेहरटा की ओर से 1952 से करवाई जा रही है रामलीला



डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) शिव मंदिर रामलीला कमेटी रेलवे फाटक छेहरटा, जहाँ 1952 से रामलीला हो रही है, रामलीला का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने सनातनी धर्म से जोड़ना है राम जी के जीवन जी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को दिया जाता है ताकि युवा पीढ़ी भी उनके जीवन को देखते हुए धर्म के मार्ग पर चले 13 अक्टूबर 2026 को चौथी रात (सीता सवनबर) को देखा गया, राम जी का रोल विशाल शर्मा जी, लक्ष्मण - दीपक रामपाल जी, सीता - शिवम जी, परशुराम - हरदेव जी, प्रिंस शर्मा रावण की भूमिका निभा रहे मैं कहना चाहूँगा कि पिछले कई सालों से हम रामलीला कर रहे हैं, इसलिए भगवान श्री राम जी ने पूरी टीम को बहुत आशीर्वाद दिया है। इस रामलीला के - चेयरमैन - अविनाश शैला जी, परदान - शैंकी अरोड़ा जी, डायरेक्टर - बंटी अरोड़ा जी, स्टेज सेक्रेटरी - सौरव शर्मा जी, अनिल कुमार दारा जी, और रामलीला की पूरी टीम एक दूसरे का से संजोग करके काम करती है और वे हर साल रामलीला करवाते हैं।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री गांव सिल कपड़ा, सिंबल माजरा और सोतल में दिखाई गई

- श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाएं समाज में समानता, भाईचारे और आपसी सद्भावना का संदेश देती हैं: एस.डी.एम. गुरमीत सिंह

डेली आवाज भारती



खरड़ , संदीप अकालगढ़ियाः पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष पहल के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव सिल कपड़ा, सिंबल माजरा और सोतल में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस पहल का उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी विचारधारा, शिक्षाओं और समाज सुधार के लिए दिए गए संदेश को लोगों तक पहुंचाना है, ताकि नई पीढ़ी भी उनके महान जीवन और दर्शन से प्रेरणा ले सके। उपमंडल मजिस्ट्रेट, खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज से जात-पात, भेदभाव और ऊंच-नीच जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने तथा सभी मनुष्यों को समान समझने का संदेश दिया। उनकी विचारधारा मानवता, आपसी प्रेम, साझेदारी और भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित इस विशेष डॉक्यूमेंट्री को गांवों में दिखाने का उद्देश्य गुरु साहिब के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जाने वाली यह डॉक्यूमेंट्री लोगों को गुरु साहिब के जीवन और उनकी शिक्षाओं से परिचित करवाने का प्रभावशाली माध्यम है। एस.डी.एम. ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर ऐसे समाज का निर्माण किया जा सकता है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर मिलें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और समाज में प्रेम, सद्भावना तथा भाईचारे की भावना को और मजबूत करें। पंजाब सरकार की यह पहल श्री गुरु रविदास जी महाराज के सर्व-साझेदारी और मानवीय समानता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है।

अजनाला के 10 गांवों में नए आम आदमी क्लीनिक शुरू

पंजाब में 154 नए क्लीनिक; कुल संख्या 1,245 हुई

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए आज राज्य में 154 नए आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किए गए। इसके साथ ही राज्य में क्लीनिकों की कुल संख्या 1,245 हो गई है। अब तक इन क्लीनिकों के माध्यम से मरीज 6.5 करोड़ से अधिक बार मुफ्त दवाइयों और मेडिकल जांच की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। इसी कड़ी के तहत विधानसभा क्षेत्र अजनाला के विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने 10 गांवों में नए आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किए। ये क्लीनिक गांव जगदेव खुर्द, घोनेवाल, सैंहसरा, चक्क डोगरां, सारंग देव, विच्छोआ, माकोवाल, महलां वाला, थोबा और गुरु का बाग में स्थापित किए गए हैं। इनके शुरू होने से निवासियों को घरों के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। इस अवसर पर विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दे रही है। आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श, दवाइयां और आवश्यक मेडिकल जांच उपलब्ध करवाई जा रही हैं। योग्य डॉक्टरों की सेवाओं के कारण लोगों को समय पर इलाज मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों का उद्देश्य केवल इलाज उपलब्ध करवाना ही नहीं, बल्कि बीमारियों की समय पर पहचान और रोकथाम के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना भी है। इससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए तुरंत परामर्श मिलेगा और गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक कदम समय पर उठाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में क्लीनिकों की स्थापना से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता कम होगी और लोगों के समय तथा खर्च की बचत होगी। विधानसभा क्षेत्र अजनाला के 10 गांवों में यह शुरुआत स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए आर्थिक तंगी या दूरी के कारण कठिनाई का सामना न करना पड़े और हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करके समाज के हर वर्ग तक बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

अमृतसर ज़िले में 36 नए आम आदमी क्लीनिक जनता को समर्पित

पंजाब भर में 154 नए क्लीनिकों का उद्घाटन, कुल संख्या बढ़कर 1,245 हुई

- लोगों को मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं: हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

डेली आवाज भारती




अमृतसर, के.एस. बेदी : पंजाब सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से अमृतसर जिले में 36 नए आम आदमी क्लीनिक जनता को समर्पित किए गए।

होशियारपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और आम आदमी पार्टी की पंजाब लीडरशिप ने राज्य भर में 154 नए आम आदमी क्लीनिकों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पंजाब में आम आदमी क्लीनिकों की कुल संख्या बढ़कर 1,245 हो गई है। राज्य स्तरीय समारोह के बाद कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ., विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल, विधायक मैडम जीवनजोत कौर, विधायक स. जसविंदर सिंह रामदास और हलका इंचार्ज मैडम सोनिया मान ने अमृतसर जिले के विभिन्न स्थानों पर नए क्लीनिकों का उद्घाटन करके उन्हें जनता को समर्पित किया। इनमें मानांवाला में 8, रमदास में 12, तरसिक्का में 2, वेरका में 5, लोपोके में 7, थरीएवाल में 1 और बाबा बकाला में 1 क्लीनिक शामिल है। जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को उनके घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से अब तक मरीज 6.5 करोड़ से अधिक बार मुफ्त दवाइयों और जांच सुविधाओं का लाभ उठा चुके हैं। इन क्लीनिकों में मुफ्त चिकित्सा परामर्श, दवाइयां और विभिन्न प्रकार की मेडिकल जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन क्लीनिकों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि क्लीनिकों के विस्तार से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बड़े अस्पतालों पर मरीजों का बोझ कम होगा और लोगों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

मोहाली में 'आप' नेता के घर पर चली ताबड़तोड़ गोलियां, इलाके में दहशत का माहौल

- घर पर 8 गोलियां चलाईं, घर की दीवारों और गेट पर मिले निशान
- गोलियों के खोल जांच के लिए भेजे, वजह पता लगाने जुटी पुलिस

डेली आवाज भारती



मोहाली/तरणप्रीत गिलः मोहाली के जीरकपुर के बलटाना में ेक्रनेता पर फायरिंग की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक हमलावरों ने घर पर 8 गोलियां चलाई हैं, जिसके निशान घर की दीवारों और गेट पर पड़े हुए हैं। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंच गई है। मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाई गई, जिसने सबूत जुटाए। गोलियों के खोल को जांच के लिए भेजा गया है।

पूर्व पार्षद नीतू चौधरी के घर पर चली गोलियां

बताया जा रहा है गोलियां पूर्व कांग्रेसी पार्षद और मौजूदा आप नेता नीतू चौधरी के घर पर चली हैं। घरवालों का कहना है कि उन्हें काफी समय से गैंगस्टर डोनी बल गैंग की तरफ से धमकियां मिल रहीं थी। लगातार मिल रही धमकियों के कारण पुलिस को शिकायत भी दी गई थी। हालांकि, अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी किसी गैंग ने नहीं ली है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने और फायरिंग की वजह का पता लगाने में जुटी है।

ढकोली फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

जीरकपुर/तरणप्रीत गिल : ढकोली रेलवे फाटक के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से करीब 35 से 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी मुबारिकपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव को पहचान के लिए डेराबस्सी सिविल अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार यह हादसा रेलवे किलोमीटर नंबर 236/20-22 के बीच हुआ। हादसे के काफी देर बाद तक भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक ने नीली शर्ट, आसमानी रंग की पट्टी वाला कपड़ा और काले रंग का लोअर पहना हुआ है। इसके अलावा उसके बाएं हाथ की कलाई पर रबर का ब्रेसलेट बंधा मिला है।

मां बेटे को दोस्त के पास छोड़ बेंगलुरु गई, दोस्त ने 3 साल के मासूम के हाथ-पैर तोड़े, ऋषिकेश के होटल से छुड़ाया

जीरकपुर पुलिस ने किन्नौर से पहुंची जीरो एफआईआर के आधार पर बच्चे की माँ और उसके दोस्त के खिलाफ दर्ज किया केस

डेली आवाज भारती

ऋषिकेश के होटल में छुपाया था बच्चा, पुलिस ने छुड़ाया

परिजन तुरंत 1 अगस्त 2026 को ऋषिकेश के तपोवन पहुंचे। वहां पता चला कि अभय राय ने तपोवन के एक होटल में कमरा लेकर बच्चे को गुप्त तरीके से छिपा रखा है। परिजनों ने तुरंत तपोवन पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस ने होटल में दबिश देकर बच्चे को छुड़ाया गया। इसके बाद पिता सूरज भी मौके पर पहुंचे। 4 अगस्त को किन्नौर में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश करने के बाद मासूम को पिता के सुपुर्द किया गया।

जीरकपुर/तरणप्रीत गिलः जीरकपुर में इंसानियत को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक मां अपने तीन साल के मासूम बेटे को जीरकपुर में अपने दोस्त के हवाले छोड़ खुद बेंगलुरु चली गई। इसके बाद महिला के दोस्त ने बच्चे को बेरहमी से पीट-पीटकर उसके हाथ और पैर की हड्डियां तोड़ दीं। जब बच्चे के पिता को भनक लगी तो आरोपी मासूम को छिपाने के लिए उत्तराखंड के ऋषिकेश ले गया। परिजनों ने ऋषिकेश पुलिस की मदद से बच्चे को होटल से छुड़ाया। इस मामले में हिमाचल प्रदेश के मूरंग थाने से भेजी गई जीरो एफआईआर के आधार पर जीरकपुर पुलिस ने बच्चे की माँ और उसके दोस्त के खिलाफ प्रताड़ना और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर निवासी सूरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी अक्टूबर 2023 में सोलन निवासी प्रियंका के साथ हुई थी। उनका तीन साल का बेटा है। कुछ महीने साथ रहने के बाद सूरज नौकरी के सिलसिले में जीरकपुर आ गया, लेकिन बीमारी के चलते उसे नौकरी छोड़कर वापस किन्नौर लौटना पड़ा। इस दौरान पति-पत्नी में विवाद हो गया। फरवरी 2025 में प्रियंका अपने तीन साल के बेटे को लेकर जीरकपुर के मन्नत एन्क्लेव में किराए के कमरे में रहने आ गई। सूरज ने बताया कि वह खुद बीमार था और प्रियंका उसका फोन नहीं उठाती थी। मामले का 30 जुलाई 2026 को खुलासा हुआ, जब सूरज की बहन के मोबाइल पर प्रियंका की बहन महक ने एक वीडियो भेजा। वीडियो में तीन साल के बच्चे के हाथ और पैर पर प्लास्टर चढ़ा हुआ था। परिजनों ने महक से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रियंका अपने बेटे को देहरादून निवासी अपने दोस्त अभय राय के पास छोड़कर खुद बेंगलुरु चली गई है।

जालंधर में वकपार्षद के पति पर चाकू से हमला, 4 युवकों पर आरोप

घायल अवस्था में तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया

- जांच में हमले के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आई है
- पुलिस ने इस मामले में FIR दर्ज की, टीमें छापेमारी कर रही

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर में वार्ड नंबर-23 की पार्षद परमजीत कौर के पति हरपाल सिंह मिंटू पर चाकुओं से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल हरपाल सिंह मिंटू को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालांकि, समय पर इलाज मिलने के बाद अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में हमले के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। इस मामले में राजू भईया और शामा लाहौरिया समेत चार आरोपियों की पहचान की गई है।

विवाद को सुलझाने पहुंचे थे हरपाल सिंह मिंटू

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 7 बजे हरपाल सिंह मिंटू पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने पहुंचे थे। वह दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ युवकों ने हरपाल सिंह मिंटू पर चाकुओं और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में स्नढ्ढक्रदर्ज की है। आरोपियों के खिलाफ ह्वह्र की धारा 109, 190, 191 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।

page 5_Layout 1 14-10-2026 21:11 Page 1

नेचर पार्क मर्डर मिस्ट्री : पड़ोस में रहने वाले मनोज ने नारियल काटने वाले चाकू से काटी थी विशाल की गर्दन

- एक माह पूर्व हुई बबलू की संदिग्ध मौत के बदले की आग में रची थी खूनी साजिश
- पिता-पुत्र समेत अब तक चार गिरफ्तार, मृतक की पत्नी व 10 माह का मासूम बेटा अब भी लापता

फरार दोनों आरोपी गिरफ्तार, दो दिन के पुलिस रिमांड पर आरोपी

डेली आवाज भारती

जीरकपुर। पीरमुछल्ला स्थित नेचर पार्क में 22 वर्षीय युवक विशाल की बेरहमी से सिर धे से अलग कर की गई, हत्या की गुत्थी को ढकोली पुलिस ने पूरी तरह सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले फरार चल रहे मुख्य आरोपी 27 वर्षीय मनोज शर्मा और उसके साथी अमन वर्मा को धर दबोचा है। पुलिस की प्राथमिक तफ्तीश में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि विशाल की गर्दन किसी पेशेवर सुपारी किलर ने नहीं, बल्कि उसके पड़ोसी मनोज ने नारियल काटने वाले तेजधार चाकू से निर्ममता से काटी थी। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू नेचर पार्क की झाड़ियों से बरामद कर लिया है, जबकि वारदात के बाद भागने में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें भी जब्त कर ली गई हैं। अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। थाना ढकोली की पुलिस टीम ने तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र के आधार पर दोनों आरोपियों को अलग-अलग जगहों से काबू किया। मुख्य कातिल मनोज शर्मा को डीपीएस चौक से दबोचा गया, जबकि उसके साथी अमन वर्मा को ढकोली के जेके टायर चौक के पास से पकड़ा गया। मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला मनोज शर्मा उसी बिल्डिंग में किराये पर रहता था, जहां मृतक विशाल अपने परिवार के साथ रहता था। दूसरा आरोपी अमन वर्मा चंडीगढ़ के मौली जागरां इलाके में रहकर जोमैटो में फूड डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता था। अमन का भी विशाल के घर लगातार उठना-बैठना था। दोनों आरोपियों ने विशाल के पारिवारिक माहौल और उसकी पल-पल की गतिविधियों की रेकी कर इस खौफनाक वारदात का ताना-बाना बुना था। इस मर्डर केस में पुलिस इससे पहले उत्तर प्रदेश के संभल जिले के रहने वाले पिता-पुत्र हरपाल और राहुल को गिरफ्तार कर चुकी है, जो पीरमुछल्ला के शिव नगर में किराये पर रह रहे थे। पुलिसिया पूछताछ में सामने आया कि करीब एक महीने पहले हरपाल के बेटे बबलू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। हरपाल और राहुल को पूरा वहम था कि बबलू की मौत स्वाभाविक नहीं थी, बल्कि उसके पीछे विशाल और उसके परिवार का हाथ था। इसी प्रतिशोध की आग में झुलस रहे पिता-पुत्र ने विशाल को रास्ते से हटाने की साजिश रची और इसमें पड़ोसी मनोज व अमन को शामिल किया। पुलिस अब इस बात की कड़ाई से जांच कर रही है कि मनोज और अमन को कत्ल के बदले क्या लालच या सुपारी दी गई थी। इस मामले में अब तक कुल चार आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं।

विशाल की पत्नी और 10 माह के मासूम का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

इस हत्याकांड से जुड़ा सबसे बड़ा रहस्य अभी अनसुलझा है। वारदात वाले एक दिन पहले विशाल की पत्नी अपने 10 महीने के दुधमुंहे बेटे को साथ लेकर अचानक घर से गायब हो गई थी। जब विशाल घर लौटा तो दोनों नदारद थे। अलगे दिन जब वह बदहवास होकर अपनी पत्नी और बच्चे को तलाशने के लिए निकला था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद नेचर पार्क में उसकी खून से लथपथ लाश मिली। कई दिन बीत जाने के बाद भी मां-बेटे का कोई अता-पता नहीं है। पुलिस इस गंभीर पहलू की भी पड़ताल कर रही है।

> मुख्य आरोपी मनोज और अमन वर्मा को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल चाकू और दो बाइकें बरामद कर ली गई हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान बबलू की मौत की रंजिश, साजिश में शामिल अन्य कड़ियों और पैसों के लेन-देन को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। इस वारदात में चार लोग शामिल थे और चारों को ही गिरफ्तार किया जा चुका है।
>
> **– एएसआई हरनेक सिंह, जांच अधिकारी, थाना ढकौली**

बरसाती नालों को फेंसिंग से किया जाएगा कवर

नगर परिषद ने 90 लाख का एस्टीमेट बना कर टेंडर प्रक्रिया की शरू



डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरणप्रीत गिल: शहर के रिहायशी इलाकों से होकर बहते बरसाती नालों के दोनों तरफ लोहे की मजबूत फेंसिंग की जाएगी। इसके लिए नगर परिषद ने 90 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रोसेस शुरू कर दिया है। टेंडर 22 अक्टूबर को खुलेगा और वर्क आर्डर जारी होने के 6 महीने के अंदर काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल बरसाती नाले में लोगों द्वारा कूड़ा गिराया जा रहा है, जिसको देखते हुए नगर परिषद ने शहर से होकर बहने वाले नाले का सर्वे कर उन प्वाइंटों को चिन्हित किया था जहां से कूड़ा लगातार बरसाती नाले व सुखना चो में गिराया जा रहा है। तकनीकी विंग ने 90 लाख रुपये का बजट तो तय कर दिया है, मगर अभी तक यह सार्वजनिक नहीं किया गया है कि पहले चरण में कितने किलोमीटर हिस्से को कवर किया जाएगा। योजना के तहत किन संवेदनशील प्वाइंट्स को प्राथमिकता दी जाएगी अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

ग्राउंड रियलिटी: ढकोली, बलटाना और सुखना चोए के किनारे सबसे बड़ा जोखिम

जीरकपुर में बरसाती पानी की निकासी के लिए बने प्राकृतिक नाले और सुखना चो से जुड़े ड्रेन सालों से बिना किसी सुरक्षा दीवार के खुले पड़े हैं। बारिश के दिनों में जलभराव होने पर सड़क और नाले का फर्क खत्म हो जाता है। बलटाना और ढकोली क्षेत्र में घनी आबादी के बीच से गुजरने वाले इन नालों के किनारे सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। स्थानीय निवासी लंबे समय से इनके इर्द-गिर्द पक्की रेलिंग या जाली लगाने की गुहार लगा रहे थे।नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार प्रोजेक्ट की तकनीकी मंजूरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अधिकारियों का कहना है कि शहर में ऐसे सभी खतरनाक प्वाइंट्स को चिन्हित किया गया है। औपचारिक प्रशासनिक मंजूरी मिलते ही ई-टेंडरिंग के जरिए काम अलॉट किया जाएगा।

जालंधर नार्थ हलके के लोगों ने मेयर वनीत धीर के समक्ष रखीं अपनी समस्याएं, कई मुद्दों का मौके पर समाधान

- बुधवार को सोढल नगर दफ्तर में लोगों की समस्याएं सुनीं
- मौके पर बातचीत की और कई मामलों का तुरंत समाधान

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर नार्थ हलके के प्रभारी एवं नगर निगम जालंधर के मेयर वनीत धीर ने बुधवार को सोढल नगर स्थित दफ्तर में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान नार्थ हलके के विभिन्न क्षेत्रों और कॉलोनियों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं मेयर के समक्ष रखीं। मेयर वनीत धीर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही बातचीत की और कई मामलों का तुरंत समाधान करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की रोजमर्रा से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। नार्थ हलके से पहुंचे लोगों ने सफाई व्यवस्था, सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत समस्याएं मेयर के सामने रखीं। वनीत धीर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मेयर वनीत धीर ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। लोगों की शिकायतों पर रिपोर्ट लेकर जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लगातार प्रयास

उन्होंने कहा कि नार्थ हलके के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संपर्क किया जा रहा है, ताकि जमीनी स्तर पर सामने आ रही समस्याओं की जानकारी मिल सके और उनका समाधान समय पर करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि जालंधर नार्थ हलके की कॉलोनियों और वार्डों में विकास कार्यों तथा मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जालंधर में कांग्रेस का धरना, लाइमलाइट से बाहर आईं टूटी सड़कें, गंदा पानी और बंद लाइटें!

- शहर की बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर गौर कर हल करने की मांग की

श्रीराम चौक पर जिला कांग्रेस प्रधान राजिंदर बेरी की अध्यक्षता में प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर में टूटी सड़कों, गंदे पानी की सप्लाई और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के मुद्दे पर कांग्रेस ने नगर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। श्री राम चौक पर जिला कांग्रेस प्रधान राजिंदर बेरी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहर की बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शहर की व्यवस्थाओं को लेकर जवाबदेही का मुद्दा भी उठाया गया। धरने के दौरान टूटी सड़कों, गंदे पानी की समस्या और स्ट्रीट लाइटें बंद रहने जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शनकारियों ने रोष जताया। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से इन समस्याओं को गंभीरता से लेने और लोगों को राहत देने के लिए जल्द कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने शहर की बुनियादी समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। शहर की सड़कों, पानी की सप्लाई और स्ट्रीट लाइटों से जुड़ी समस्याओं को लेकर कांग्रेस के इस प्रदर्शन ने स्थानीय नागरिक सुविधाओं पर बहस को फिर से सामने ला दिया है।

जालंधर कांग्रेस की लीडरशिप रही मौजूद

प्रदर्शन में जालंधर नॉर्थ के विधायक बाबा हेनरी भी शामिल हुए। उनके अलावा पार्षद पवन कुमार, पार्षद गुरबिंदर बंटी, पार्षद शैरी चड्ढा, जसदीप सोनू, पार्षद जसलीन सेठी, राजू प्रधान, राजेश भट्टी, शबनम हैप्पी, सागर और मैडम सुरिंदर कौर सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध पटाखा फैक्टरी से विस्फोटक सामग्री बरामद, 3 के खिलाफ केस दर्ज

आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर मालेरकोटला पुलिस ने गांव देहलीज कलां में बिना लाइसेंस अवैध रूप से पटाखे बनाने, विस्फोटक सामग्री तैयार करने और स्टोर करने वाली इकाई का किया पर्दाफाश

डेली आवाज भारती

मालेरकोटला। आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर मालेरकोटला पुलिस ने गांव देहलीज कलां में बिना लाइसेंस अवैध रूप से पटाखे बनाने, विस्फोटक सामग्री तैयार करने और स्टोर करने वाली इकाई का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से पटाखे तैयार करने में प्रयुक्त भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इस संबंध में 3 मुख्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जबकि सावधानी के तौर पर 3 अन्य व्यक्तियों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। नामजद आरोपियों की पहचान आफताब खान पुत्र अब्दुल निवासी सरपुरबासी (थाना शाहपुर, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश) हाल निवासी देहलीज कलां, जलालुद्दीन उर्फ जानी निवासी देहलीज कलां और सुमित बंसल निवासी बांस बाजार, मालेरकोटला के रूप में हुई है। एस.एस.पी. हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि यह कार्रवाई एस.पी. (डी) रमनदीप भुल्लर, डी.एस.पी. सुमित सूद और मुख्य अधिकारी थाना सदर अहमदगढ़ के नेतृत्व में अमल में लाई गई। 13 अक्तूबर की शाम को जब थाना सदर



अहमदगढ़ की पुलिस टीम गश्त पर थी, तो मुखबिर खास ने सूचना दी कि गांव देहलीज़ कलां स्थित %साइमन पैलेस% में आफताब खान अवैध रूप से पटाखे तैयार कर रहा है। यह जगह जलालुद्दीन उर्फ जानी की है, जबकि पटाखे बनाने के लिए कच्चा माल सुमित बंसल द्वारा सप्लाई किया जा रहा था। इनके पास पटाखे बनाने या स्टोर करने का कोई भी कानूनी लाइसेंस मौजूद नहीं था। पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर मौके से विस्फोटक सामग्री जब्त कर ली। इस संबंध में थाना सदर अहमदगढ़ में एफ.आई.आर. नंबर 213, तिथि 13-10-2026 को विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9-बी(1)(ए), 9-बी(2) और भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एस.एस.पी. खख ने कहा कि रिहायशी इलाके के नजदीक बिना किसी सुरक्षा प्रबंधों के पटाखे बनाना बेहद खतरनाक है, जहां छोटी-सी लापरवाही भी भयानक हादसे का रूप ले सकती थी। उन्होंने बताया कि मौके पर काम कर रहे 3 अन्य व्यक्तियों की भूमिका और कच्चे माल की सप्लाई चेन की गहराई से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। एस.एस.पी. ने आम लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं भी अवैध रूप से पटाखे या विस्फोटक सामग्री का निर्माण अथवा भंडारण होता दिखाई दे तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें, ताकि किसी भी संभावित जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

भारी मात्रा में हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

गुरुहरसहाए। ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लक्खो के बहराम थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को 3 किलो से ज्यादा हेरोइन, एक कार और एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हृष्टक्क एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए चीफ ऑफिसर इंस्पेक्टर परमजीत कौर ने बताया कि उनके नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांव दोना मटर उर्फ गजनीवाला के रहने वाले नरिंदर सिंह उर्फ मिद्धू बेटे सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से 2 किलो 86 ग्राम हेरोइन, 1 कार और 1 वीवो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे गहराई से पूछताछ की जा रही है ताकि पता लगाया जा सके कि वह यह हेरोइन कहां से लाया था और आगे किसे सप्लाई करने वाला था ताकि चल रहे ड्रग नेटवर्क को तोड़ा जा सके।

गन प्वाइंट पर लूट, बाइक सवार लुटेरों ने पैट्रोल पंप को बनाया निशाना




डेली आवाज भारती

अमृतसर : अमृतसर के तरनतारन रोड पर बाइक सवार लुटेरों ने पेट्रोल पंप को निशाना बनाकर दहशत फैला दी। पिस्तौल के दम पर कर्मचारियों से नकदी छीनने वाले लुटेरों ने वारदात के दौरान गोली भी चलाई और कैश लेकर फरार हो गए जानकारी के मुताबिक, बाइक पर सवार होकर आए लुटेरों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों को पिस्तौल दिखाकर धमकाया। इसके बाद वे नकदी लेकर मौके से भाग निकले। गोली चलने से पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। लूट की पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने छ्टष्ठङ्क फुटेज कब्जे में लेकर कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने और मामले की जांच की जा रही है।

नगर निगम ने नेहरू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में हीरा पनीर और 3 डी फूड्स के सामने से हटाया अतिक्रमण

टेबल-कुर्सियाँ कब्जे में लीं; सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने और यातायात में बाधा डालने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी









डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी। नगर निगम अमृतसर (स्ट्र) ने नेहरू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में नोवेल्टी स्वीट्स के सामने स्थित हीरा पनीर और 3 ष्ठ फूड्स के सामने किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करवाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य आम जनता, पैदल यात्रियों और वाहन चालकों की सुविधा सुनिश्चित करना है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के एस्टेट विभाग की टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर रखी गई टेबल-कुर्सियों को अपने कब्जे में ले लिया तथा संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों के सामने से सभी अनधिकृत कब्जे तुरंत हटाएं और सार्वजनिक स्थानों को आम जनता के उपयोग के लिए खाली रखें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति या व्यावसायिक प्रतिष्ठान को सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा करने अथवा यातायात में बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह कार्रवाई हीरा पनीर और 3 ष्ठ फूड्स द्वारा किए गए अतिक्रमणों के संबंध में जनता की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के मद्देनजर की गई। नगर निगम ने मामले का संज्ञान लेते हुए सार्वजनिक स्थानों को खाली करवाने तथा पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को हो रही असुविधा दूर करने के लिए यह कार्रवाई की। यह अभियान नगर निगम कमिश्नर श्री बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (ढ्ढस्) तथा अतिरिक्त कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सेक्रेटरी-कम-एस्टेट ऑफिसर श्री सुशांत भाटिया तथा एस्टेट ऑफिसर श्री धर्मिंदरजीत सिंह की देखरेख में चलाया गया। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर प्रीति चौहान और इंस्पेक्टर अमन कुमार की टीम ने मौके पर कार्रवाई को अंजाम दिया। एस्टेट विभाग ने दोहराया कि सार्वजनिक सड़कें, फुटपाथ और अन्य सार्वजनिक स्थान निजी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अनधिकृत रूप से इस्तेमाल नहीं किए जा सकते। सभी दुकानदारों, रेस्टोरेंट संचालकों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण न करें तथा पैदल चलने वालों और यातायात की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने दें। नगर निगम ने चेतावनी दी कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों के अनुसार अतिक्रमण हटाने और सामान जब्त करने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बार-बार उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ भी लागू नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। नगर निगम अमृतसर ने सभी दुकानदारों और आम जनता से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने, यातायात सुचारू बनाने तथा शहर के बाजारों को व्यवस्थित और आम जनता के लिए सुविधाजनक बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 14-10-2026 16:31 Page 1

फिल्मी दुनिया



नवरात्रि के चौथे दिन विद्या बालन ने रॉयल ब्लू साड़ी में बिखेरा जलवा

मां कूष्मांडा को समर्पित किया अपना पारंपरिक शाही लुक

अभिनेत्री विद्या बालन नवरात्रि के पावन पर्व को बेहद खूबसूरती और शालीनता के साथ मना रही हैं। नवरात्रि के चौथे दिन, जो मां कूष्मांडा को समर्पित है और जिन्हें ऊर्जा, तेज और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, विद्या बालन ने रॉयल ब्लू रंग की साड़ी में अपनी शानदार तस्वीरें साझा कीं। उनका यह लुक भारतीय पारंपरिक परिधानों की खूबसूरती और समृद्ध विरासत को बखूबी दर्शाता है। साड़ी पर की गई बारीक सुनहरी कढ़ाई, स्टेटमेंट ईयररिंग्स और खूबसूरत ज्वेलरी ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए।

रॉयल ब्लू रंग की साड़ी में विद्या बालन बेहद आकर्षक नजर आईं। उनके लुक में सादगी, शाही अंदाज और पारंपरिक खूबसूरती का शानदार मेल देखने को मिला, जिसने नवरात्रि के उत्सवी माहौल को और खास बना दिया। विद्या बालन का यह खूबसूरत अंदाज और पारंपरिक परिधानों के प्रति उनका लगाव भारतीय संस्कृति और उसके जीवंत रंगों की खूबसूरती को दर्शाता है।

"सादगी, शाही अंदाज और पारंपरिक खूबसूरती का अनोखा संगम

वहीं, अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म **'जेलर 2'** की रिलीज को लेकर भी चर्चा में हैं। यह फिल्म कल यानी 15 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिलहाल अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और ऑफ-स्क्रीन स्टाइल से विद्या बालन लगातार दर्शकों का ध्यान आकर्षित करती रही हैं और 'जेलर 2' में भी कांता के रूप में उन्होंने दर्शकों के बीच अपनी पैठ बना ली है।



आगामी फिल्म

'जेलर 2'

रिलीज डेट

15 अक्टूबर 2026 (सिनेमाघरों में)

विद्या बालन का यह शानदार अंदाज बना नवरात्रि की रौनक





"यह दोनों कलाकार न सिर्फ अपने किरदारों में जीते हैं, बल्कि एक-दूसरे की ऊर्जा को भी बेहद खूबसूरती से सहारा देते हैं।

— बेन रेखी (निर्देशक)

मनोज बाजपेयी और दिव्या दत्ता के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा

'लास्ट मैन इन टावर' के निर्देशक बेन रेखी

फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' के निर्देशक बेन रेखी ने आईएएनएस (IANS) से बातचीत में बताया कि मनोज बाजपेयी और दिव्या दत्ता के साथ काम करना उनके लिए एक शानदार अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि दोनों कलाकार एक-दूसरे की बातों को बहुत ध्यान से सुनते हैं और बेहतरीन तरीके से प्रतिक्रिया देते हैं।

बेन रेखी ने कहा, "मनोज और दिव्या के साथ काम करना वाकई बहुत खास रहा। दोनों ही कलाकार अपनी-अपनी भूमिकाओं में पूरी तरह डूब जाते हैं और एक-दूसरे की ऊर्जा को शानदार तरीके से सपोर्ट करते हैं। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बेहद प्राकृतिक और प्रभावशाली है। हर टेक में कुछ नया देखने को मिलता है, जो इस अनुभव को और भी खास बना देता है।"

निर्देशक ने आगे कहा कि फिल्म में मनोज और दिव्या के बीच विश्वासघात और आजीवन दोस्ती के टूटने की भावनाओं को जिस गहराई और तीव्रता के साथ दिखाया गया है, वह दर्शकों के दिल को छू जाता है।

"लास्ट मैन इन टावर' अरविंद अडिगा के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित है, जिसमें मुंबई के पुनर्विकास की पृष्ठभूमि में कहानी को बुना गया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी एक रिटायर्ड विधुर स्कूल शिक्षक की भूमिका में हैं, जो पुराने अपार्टमेंट को छोड़ने से सार्फ इनकार कर देता है। यह किरदार न सिर्फ कहानी की आत्मा है, बल्कि फिल्म की भावनात्मक गहराई को भी मजबूत करता है।

कहानी की मुख्य झलकियां

- फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' अरविंद अडिग्गा के उपन्यास पर आधारित हैं।
- कहानी मुंबई के पुनर्विकास की पृष्ठभूमि में हैं।
- मनोज बाजपेयी फिल्म में एक रिटायर्ड विधुर स्कूल शिक्षक की भूमिका में हैं, जो पुराने अपार्टमेंट को छोड़ने से इंकार कर देता है।
- फिल्म में मनोज और दिव्या दत्ता के बीच विश्वासघात और आजीवन दोस्ती के टूटने की कहानी को भावनात्मक गहराई के साथ दिखाया गया है।
- यह फिल्म अभी सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है।

"मनोज और दिव्या के साथ काम करना वाकई बहुत खास रहा। दोनों ही कलाकार अपनी-अपनी भूमिकाओं में पूरी तरह डूब जाते हैं और एक-दूसरे की उर्जा को शानदार तरीके से सपोर्ट करते हैं।

— बेन रेखी (निर्देशक)

शहनाज ने रोहित शर्मा से बुलवाया अपना आइकॉनिक डायलॉग

बोले— 'साडा कुत्ता कुत्ता, त्वाडा कुत्ता टॉमी'





बिग बॉस 13 से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली शहनाज गिल आज भी अपने मजेदार अंदाज और बेमिसाल पर्सनैलिटी के लिए खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में वह रोहित शर्मा के शो 'फैंमिली फुल हाउस विथ रोहित शर्मा' में नजर आईं, जहाँ उन्होंने अपने आइकॉनिक डायलॉग 'त्वाडा कुत्ता टॉमी, साडा कुत्ता कुत्ता' को लेकर एक बार फिर सुर्खियाँ बटोरीं।

शो के दौरान शहनाज ने रोहित शर्मा से खूद इस डायलॉग को दोहराने के लिए कहा। पहले तो रोहित शर्मा थोड़े झिझके, लेकिन फिर शहनाज के जोर देने पर उन्होंने हँसते हुए इस डायलॉग को दोहराया और माहौल मस्ती से भर गया। दोनों की इस केमिस्ट्री को देख शो में मौजूद सभी लोग खूब हँसे और तालियाँ बजाई।

इस खास एपिसोड में मीका सिंह और कॉमेडी की मशहूर जोड़ी चिंकी-मिंकी भी नजर आई, जिन्होंने अपने अंदाज से शो में चार चाँद लगा दिए।

आपको बता दें कि यह डायलॉग सबसे पहले बिग बॉस 13 में शहनाज गिल ने कहा था, जो देखते ही देखते काफी वायरल हो गया। बाद में म्यूज़िशियन यशराज मुखाते ने इसी लाइन से एक वायरल रैप बनाया था, जिसने सोशल मीडिया पर खूब थूम मचाई थी। वहीं, पंजाबी कॉमेडियन गुरप्रीत घुग्गी ने बताया था कि यह डायलॉग साल 2012 में आई पंजाबी फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा' से लिया गया था।

शहनाज गिल की लोकप्रियता सिर्फ उनके डायलॉग्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके दिलकश अंदाज और मासूमियत ने भी उन्हें लाखों दिलों में खास जगह दिलाई हैं।

"शहनाज का यह डायलॉग आज भी उनकी पहचान बन चुका है और उनके फैंस के बीच बेहद लोकप्रिय है।"

इन दिनों शहनाज अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार चर्चा में रहती हैं। उनकी और दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला की दोस्ती और बॉन्ड को आज भी उनके फैंस बहुत याद करते हैं। दोनों की जोड़ी 'बिग बॉस 13' के दौरान खूब पसंद की गई थी और आज भी फैंस के दिलों में उनकी यादें जिंदा हैं।

शहनाज गिल अपने बेबाक अंदाज, मासूमियत और सादगी से आज भी इंडस्ट्री और फैंस के बीच खास बनी हुई हैं।

'दीदी तेरा देवर दीवाना' के इस सीन से घबराए थे मेकर्स

माधुरी दीक्षित ने सुनाया 30 साल पुराना किस्सा

माधुरी दीक्षित की फिल्म 'हम आपके हैं कौन..!' बॉलीवुड की उन फिल्मों में शामिल है, जिनके गाने और सीन आज भी दर्शकों को याद हैं। साल 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म में माधुरी और सलमान खान की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। फिल्म का गाना 'दीदी तेरा देवर दीवाना' भी काफी हिट हुआ था। इस गाने में माधुरी का अंदाज और उनके कई सीन आज भी लोगों के बीच चर्चा में रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस गाने के एक खास सीन को शूट करने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी? दरअसल, फूल और गुलेल वाले इस सीन को सही तरीके से फिल्माने के लिए करीब 10 से 15 रीटेक लेने पड़े थे। फिल्म के मेकर्स को शुरुआत में यह भी चिंता थी कि कहीं यह सीन पर्दे पर अजीब न लगे। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने मराठी रियलिटी शो कोण होणार करोड़पति में फिल्म से जुड़ा यह दिलचस्प किस्सा सुनाया। शो के दौरान हॉट सीट पर बैठीं कंटेस्टेंट प्राजक्ता तावड़े ने एक्ट्रेस को खास सरप्राइज दिया। प्राजक्ता कथक डांसर हैं और वह फिल्म हम आपके हैं कौनज!% में माधुरी के एक आइकॉनिक लुक में नजर आई। उनके इस अंदाज को देखकर माधुरी को फिल्म की शूटिंग के पुराने दिन याद आ गए। इसके बाद उन्होंने गाने दीदी तेरा देवर दीवाना के फूल और गुलेल वाले सीन के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पर्दे पर यह सीन भले ही आसान और मजेदार नजर आता हो, लेकिन इसकी शूटिंग के दौरान कई मुश्किलें आई थीं। माधुरी ने कहा, इस सीन को सही तरीके से शूट करने में हमें करीब 10 से 15 रीटेक लगे थे। कभी हमारा निशाना चूक जाता था, कभी फूल टूट जाता था और कभी वह गुलेल से निकलकर दूर उड़ जाता था। एक्ट्रेस ने कहा, मेकर्स इस सीन को लेकर काफी परेशान थे। वे सोच रहे थे कि कहीं यह खराब तो नहीं लगेगा या दर्शकों को अजीब तो नहीं लगेगा।





कोरियोग्राफर्स और मैंने उन्हें समझाया कि यह कैमरे के एंगल पर निर्भर करता है और देखने में बहुत प्यारा लगेगा। हमने उन्हें भरोसा दिलाया कि हम इस सीन को क्यूट तरीके से शूट करेंगे। आखिरकार सीन शूट हुआ और यह बहुत खूबसूरत बना। बता दें कि सूरज आर. बड़जात्या के निर्देशन में बनी हम आपके हैं कौन साल 1994 में रिलीज हुई थी। फिल्म में माधुरी दीक्षित और सलमान खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। परिवार, प्यार और रिश्तों पर बनी इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला और समय के साथ यह कल्ट क्लासिक बन गई। फिल्म में अनुपम खेर, रीमा लागू, आलोक नाथ, रेणुका शहाणे, मोहनीश बहल, बिंदु, हिमानी शिवपुरी, लक्ष्मीकांत बेर्डे और सतीश शाह समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में थे। फिल्म के गाने आज भी पसंद किए जाते हैं। खासकर%दीदी तेरा देवर दीवाना अपनी धुन और माधुरी के अंदाज के लिए आज भी याद किया जाता है।

page 7_Layout 1 14-10-2026 21:33 Page 1

अमेठी : स्मृति ईरानी का राहुल गांधी पर तीखा हमला—जो अमेठी में अपने दम पर नहीं लड़ सकते, वे शहंशाह बनने के लिए 14 दलों को जुटा रहे



डेली आवाज भारती

अमेठी (उत्तर प्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी (BJP) की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली में विपक्ष की बैठक और राहुल गांधी के बयानों पर जोरदार पलटवार किया है। विपक्ष और राहुल गांधी पर तंज॰ स्मृति ईरानी ने कहा कि जो व्यक्ति (राहुल गांधी) अमेठी में अपने दम पर चुनाव नहीं लड़ सकते, आज वे दिल्ली में 14 राजनीतिक दलों का आह्वान कर रहे हैं ताकि उन्हें शहंशाह बनाया जा सके। संवैधानिक संस्थाओं का बचाव॰ उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यह देश संविधान और भारत के निर्वाचन आयोग (Election Commission) के खिलाफ इस तरह के दुस्साहस को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। यूपी के नेताओं की बीजेपी में शामिल होने की बात॰ स्मृति ईरानी ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के 3 प्रमुख नेता आज भाजपा में शामिल हुए हैं और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उनका दिल से स्वागत करता है।

भारत-कनाडा रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे- समकक्ष आनंद से मुलाकात के बाद बोले विदेश मंत्री जयशंकर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा दोनों देशों का नेतृत्व और पारस्परिक संवाद रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷आज नई दिल्ली में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई। हमने व्यापार और निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में अपने संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही, प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ÷अपने नेतृत्व और सरकार तथा उद्योग जगत के साथ लगातार बातचीत के जरिए हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे पहले अनीता आनंद ने 2025 में अपनी भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर के साथ हुई उस बैठक को याद किया, जिसमें वे कनाडा-भारत संबंधों के लिए एक संयुक्त रोडमैप बनाने पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय सहयोग में हो रही प्रगति को देखकर वो बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा और भारत के बीच जुड़ाव भविष्य की समृद्धि को आकार देने और एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है, खासकर ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में बड़े बदलाव हो रहे हैं। आनंद ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷ठीक एक साल पहले नई दिल्ली में, मैंने कनाडा-भारत संबंधों के लिए एक संयुक्त रोडमैप तैयार करने के लिए अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, ÷आज लौटकर यह देखकर उत्साहित हूं कि हमने कितनी प्रगति की है। व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने से लेकर ऊर्जा, नवाचार और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तक, दोनों देश कई मोर्चों पर आगे बढ़े हैं। कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंधों का वास्तविक महत्व इस बात में है कि दोनों देश मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। ऐसे समय में, जब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में व्यापक बदलाव हो रहे हैं, भारत और कनाडा के बीच मजबूत होते संपर्क भविष्य की समृद्धि को आकार देने और स्वतंत्र, खुले तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में योगदान देने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे पहले दिन में, अनीता आनंद ने तेजी से बदलती दुनिया में कूटनीति के प्रति कनाडा के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। बुधवार को नई दिल्ली में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में आनंद ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के विकास में %मिडिल पावर्स% (मध्यम दर्जे की ताकतों) की अहम भूमिका पर जोर दिया। फोरम में अपनी भागीदारी के बारे में जानकारी देते हुए, आनंद ने 'एक्स पर लिखा, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के विकास में मिडिल पावर्स की अहम भूमिका है। जब हमारे हित एक जैसे हों, तो साथ मिलकर काम करके हम ज्यादा असर डाल सकते हैं और उन चुनौतियों का समाधान ढूंढ सकते हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷नई दिल्ली में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में, मैंने तेजी से बदलती दुनिया में कूटनीति के प्रति कनाडा के नजरिए के बारे में बात की। हमारी ताकत उस भरोसे में है जो हम समय के साथ बनाते हैं और देशों को एक साथ लाने की हमारी क्षमता में है।

गाँव गोचर घर में हुई लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहनों की चोरी

- पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे और कॉल डिटेल डंप, जल्द आरोपियों को पकड़ने का दावा

डेली आवाज भारती



माजरी (हरतेज सिंह तेजी): थाना ब्लाक माजरी के अधीन आने वाले गाँव गोचर में हाल ही में 9 तारीख को एक घर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर किए गए लाखों रुपये के सोने और चांदी के गहनों की चोरी के मामले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी जाँच का दायरा बढ़ा दिया है और घटनास्थल के आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरे बारीकी से खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस ने संदिग्ध नंबरों का कॉल डिटेल डंप (Call Detail Dump) भी निकलवा लिया है ताकि चोरों के सुराग तक पहुँचा जा सके।

विभिन्न पुलिस टीमें गठित, बख़्शे नहीं जाएंगे आरोपी

मामले की जाँच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि चोरों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे पहुँचाने के लिए पुलिस की अलग-अलग विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि इस घटना को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही इस चोरी की गुत्थी को पूरी तरह सुलझा लिया जाएगा।

भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद

फार्मा और फाइनेंशियल सर्विसेज पर रहा दबाव

डेली आवाज भारती



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 251.89 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,781.89 और निफ्टी 99.25 अंक या 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,622.70 पर था। बाजार पर दबाव बनाने का काम फार्मा और फाइनेंशियल सर्विसेज स्टॉक्स ने किया। सूचकांकों में निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज करीब एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा निफ्टी ऑटो, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मेटल, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग और निफ्टी कंजप्शन लाल निशान में थे। दूसरी तरफ निफ्टी एनर्जी, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी आईटी, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी मीडिया और निफ्टी इंडिया डिफेंस हरे निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट हुई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62.60 अंक या 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,384.80 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 50.10 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,409.10 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एचयूएल, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक हरे निशान में थे। बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, सन फार्मा, एलएंडटी, टाइटन, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और एसबीआई लाल निशान में थे। जानकारों ने कहा कि हाल की बढ़त के बाद प्रॉफिट बुकिंग की वजह से भारतीय शेयर बाजार के लिए आज का सत्र उतार-चढ़ाव वाला रहा। इंट्राडे में कच्चे तेल की कीमतों में कमी, आरबीआई के विदेशी मुद्रा से जुड़े उपायों के बाद रुपए की मजबूती और एलटीसीजी टैक्स व एसटीटी की संभावित समीक्षा की उम्मीदों से बाजार को कुछ सहारा मिला। हालांकि, उम्मीद से ज्यादा घरेलू थोक महंगाई आंकड़ों ने बॉन्ड यील्ड को बढ़ा दिया, जिससे सख्त मॉनेटरी पॉलिसी की आशंका फिर से बढ़ गई और ऑटोमोबाइल, प्राइवेट बैंकों और मेटल सेक्टर पर दबाव पड़ा। इस बीच, आईटी, एफएमसीजी और पीएसयू बैंकों से मिली अच्छी बिजनेस अपडेट्स ने मुश्किल व्यापक आर्थिक माहौल के बावजूद मजबूत कमाई की संभावना वाली और फंडामेंटल रूप से मजबूत कंपनियों में निवेशकों की दिलचस्पी को और बढ़ाया।

होमी भाभा कैंसर अस्पताल ने उत्तर भारत के 1,000 परिवारों का मूल्यांकन किया

लगभग 30प्रतिशत में वंशानुगत कैंसर का जोखिम बढ़ाने वाले जेनेटिक्स बदलाव पाए गए


डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़। होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (HBCH&RC), न्यू चंडीगढ़ की 'कैंसर जेनेटिक्स क्लिनिक' में जांचे गए उत्तर भारत के कैंसर-प्रभावित 1,000 परिवारों में से लगभग 30त्न परिवारों में ऐसे जेनेटिक्स बदलाव पाए गए हैं, जो वंशानुगत कैंसर के बढ़ते जोखिम से जुड़े हैं। जनवरी 2025 में शुरू की गई अस्पताल की समर्पित कैंसर जेनेटिक्स क्लिनिक ने अब तक 1,000 से अधिक उत्तर भारतीय परिवारों का मूल्यांकन और परामर्श किया है। इसका उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना है, जिन्हें लक्षण दिखाई देने से पहले ही वंशानुगत कैंसर का जोखिम हो सकता है। क्लिनिक मरीजों और उनके परिवारों को कैंसर की शीघ्र पहचान, रोकथाम और व्यक्तिगत उपचार के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान करती है। HBCH&RC पंजाब, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित टाटा मेमोरियल सेंटर की एक इकाई है। अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, परामर्श प्राप्त करने वाले 1,000 परिवारों में से अब तक 912 कैंसर-प्रभावित प्राथमिक मरीजों (इंडेक्स पेशेंट्स) की जेनेटिक्स जांच की जा चुकी है। ये वे मरीज हैं जिनके माध्यम से किसी परिवार में संभावित वंशानुगत बीमारी की पहचान के लिए क्लिनिक का ध्यान आकर्षित होता है। जांच में लगभग 30त्न की दर से आनुवंशिक बदलावों का पता चला है। आनुवंशिक उत्परिवर्तन (जेनेटिक म्यूटेशन) से आशय आनुवंशिक कोड में ऐसे बदलाव से है, जो वंशानुगत कैंसर के जोखिम से जुड़े हो सकते हैं। अस्पताल के आनुवंशिक विशेषज्ञों के अनुसार, आनुवंशिक बदलावों में पाए गए लगभग 95त्न स्तन और डिम्बग्रंथि कैंसर से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त, जोखिम की आशंका वाले 132 रक्त-संबंधियों, जिनमें भाई-बहन, माता-पिता और बच्चे शामिल हैं, की भी जांच की गई। इससे परिवार-विशिष्ट वंशानुगत कैंसर जोखिम की पहचान करने तथा शीघ्र पहचान, निवारक देखभाल और समय पर फॉलो-अप की योजना बनाने में सहायता मिली। अस्पताल के निदेशक डॉ. आशीष गुलिया ने कहा, आनुवंशिक जांच आमतौर पर एक साधारण रक्त परीक्षण के माध्यम से की जाती है। इसमें चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार 26 से 84 जीनों की जांच की जाती है। इनके परिणामों से उपचार करने वाले कैंसर विशेषज्ञ यह आकलन कर सकते हैं कि मरीज में ऐसा वंशानुगत आनुवंशिक बदलाव मौजूद है या नहीं, जो कुछ विशेष प्रकार के कैंसर का जोखिम बढ़ाता है। यह जानकारी व्यक्तिगत उपचार संबंधी निर्णय लेने, अधिक निगरानी, निवारक उपायों और आवश्यकता होने पर जोखिम कम करने के उद्देश्य से सर्जरी की योजना बनाने में सहायक हो सकती है।

बरनाला फिजियोथैरेपी क्लिनिक पर 18 अक्टूबर को होगा मुफ्त कैंप

डेली आवाज भारती



बरनाला फिजियोथैरेपी क्लिनिक के डायरेक्टर भव्य नरवालियां व शिक्षित नरवालियां जानकारी देते हुए।

बरनालाः बरनाला फिजियोथैरेपी क्लिनिक फरवाही बाजार, (नजदीक मोंटे कार्लो शोरूम) पर 18 अक्टूबर को विशेष मुफ्त फिजियोथेरेपी ट्रीटमेंट कैंप लगाया जाएगा। क्लिनिक के डायरेक्टर भव्य नरवालियां और डायरेक्टर शिक्षित नरवालियां ने बताया कि कैंप में सभी प्रकार के मरीजों की ओपीडी जांच और फिजियोथेरेपी इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जाएगा। मरीज हर रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक इन सेवाओं का मुफ्त लाभ उठा सकते हैं। डायरेक्टर भव्य नरवालियां (बीएएमएस संत सहारा आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज बठिंडा) और डायरेक्टर शिक्षित नरवालियां (पीटी आदेश मेडिकल कॉलेज बठिंडा) ने बताया कि फिजियोथेरेपी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है, जिसमें बिना दवाइयों या सर्जरी के शरीर की मांसपेशियों, जोड़ों और नसों से जुड़ी समस्याओं का इलाज किया जाता है।

इसमें एक्सरसाइज, इलेक्ट्रोथेरेपी, मसाज और हीट या कोल्ड थेरेपी का उपयोग किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों और कंधों के दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव, लकवा और स्पोर्ट्स इंजरी जैसी समस्याओं में फिजियोथेरेपी प्रभावी होती है। समूह शहर निवासी इस कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

आईसीएआर, ईएसटीआईसी-2026 से पहले एक परिचयात्मक कार्यक्रम और मीडिया संवाद का आयोजन करेगा

डॉ. एमएल जाट हरियाणा के करनाल में आयोजित परिचयात्मक कार्यक्रम में ईएसटीआईसी-2026 में आईसीएआर की भूमिका पर अपना संबोधन देंगे

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) 15 अक्टूबर, 2026 को आईसीएआर-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई), करनाल, हरियाणा में एक परिचयात्मक कार्यक्रम और मीडिया संवाद का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन 27 से 29 अक्टूबर, 2026 तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी)-2026 से पहले किया जा रहा है। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट, ईएसटीआईसी-2026 के परिचयात्मक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और ईएसटीआईसी-2026 में आईसीएआर के बारे में अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस कार्यक्रम में कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रणालियों और पोषण पर मीडिया के साथ सेवाद किया जाएगा। इससे कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रणालियों और पोषण में उभरते विकास पर चर्चा के लिए एक मंच उपलब्ध होगा। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक, भारत सरकार के कई प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी विभागों के प्रमुखों के साथ, ईएसटीआईसी-2026 की संचालन समिति के सदस्य हैं। आईसीएआर, ईएसटीआईसी-2026 के 12 प्रमुख विषयगत सत्रों में से एक, ÷कृषि-प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रणाली और पोषण÷ विषयगत सत्र से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है और इस पर 29 अक्टूबर, 2026 को चर्चा की जाएगी। इस सत्र की अध्यक्षता डीएआरई के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) के सचिव करेंगे। इस सत्र में मुख्य संबोधन के साथ-साथ डीप-टेक स्टार्टअप के सीईओ, एक महिला उद्यमी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) प्रमुखों द्वारा प्रस्तुतियां और उसके बाद एक पैनल चर्चा की जाएगी। यह सत्र भारत के व्यापक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य में कृषि अनुसंधान, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियों के योगदान को दर्शाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान और आईसीएआर-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं सहित कई आईसीएआर वैज्ञानिक ईएसटीआईसी-2026 में वक्ताओं की सूची में शामिल हैं। आईसीएआर की भागीदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, डिजिटल कृषि, उन्नत फसल सुधार, जीन संपादन और सतत् कृषि प्रणालियों में हुई प्रगति को दर्शाएंगी। इसके अतिरिक्त, आईसीएआर ईएसटीआईसी-2026 प्रदर्शनी में ÷कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रणाली और पोषण÷ विषय के अंतर्गत अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेगा।

ईएसटीआईसी-2026

ईएसटीआईसी-2026 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए एक प्रमुख मंच है, जो सरकार के मंत्रालयों और विभागों, शोधकर्ताओं, नवोन्मेषकों, डीप-टेक स्टार्टअप्स, उद्योगों, नीति निर्माताओं, वित्तपोषण एजेंसियों और वैश्विक विशेषज्ञों को एक साथ लाता है। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मार्गदर्शन में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा आयोजित तथा राष्ट्रीय अंत:विषयक विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईआईएसटी) के आयोजन भागीदार के रूप में यह तीन दिवसीय कार्यक्रम अत्याधुनिक अनुसंधान, उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ डीप-टेक नवाचारों को प्रदर्शित करने और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना की दिशा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के उभरते और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

आचार्य बालमुकुंद ने किया पोस्टर विमोचन

गुप्त वृंदावन धाम में 20 अक्टूबर को होगी भव्य रामलीला

डेली आवाज भारती



बॉलीवुड। मुंबई गुप्त वृंदावन धाम में मंगलवार 20 अक्टूबर को भव्य रामलीला एवं दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन आज हवामहल विधायक आचार्य बालमुकुंद ने किया। विजयादशमी पर गुप्त वृन्दावन धाम में होने वाले भव्य रामलीला मंचन में रामायण के अरण्य कांड का मंचन किया जायेगा, जिसमें भगवान श्रीराम के वनवास काल के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन की विशेष बात यह है कि रामलीला का मंचन व्यावसायिक कलाकारों द्वारा नहीं बल्कि गुप्त वृंदावन धाम से लंबे समय से जुड़े भक्तों द्वारा किया जाएगा। ये भक्त विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ देने के साथ-साथ भगवान राम की लीलाओं के मंचन के लिए भी अपना बहुमूल्य समय समर्पित कर रहे हैं। पिछले चार महीनों से गुप्त वृन्दावन धाम में भक्त भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को प्रभावशाली संवाद, अभिनय और भाव भंगिमाओं से प्रस्तुत करने का अभ्यास कर रहे हैं।

हनी सिंह को महाराष्ट्र साइबर ने फिर भेजा समन, पेश नहीं हुए तो जारी हो सकता है लुकआउट सर्कुलर

मुंबई। रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। दिल्ली में एक कॉन्सर्ट के दौरान कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने से जुड़े मामले में महाराष्ट्र साइबर ने उन्हें दोबारा पूछताछ के लिए समन भेजा है। हनी सिंह को 16 अक्टूबर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले भी उन्हें कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह अधिकारियों के सामने पेश नहीं हुए। अब महाराष्ट्र साइबर इस मामले में आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, अगर हनी सिंह इस बार भी पूछताछ के लिए नहीं पहुंचते हैं, तो उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। महाराष्ट्र साइबर सेल के एक अधिकारी ने बताया कि हनी सिंह को 16 अक्टूबर को जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इससे पहले उन्हें तीन बार समन भेजे जाने के बावजूद वह पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे।



वेस्ट ज़ोनइंटर-यूनिवर्सिटी महिला शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी हुए रोमांचक मुकाबले

डेली आवाज भारती



झुंझुनूं। श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी, में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे दिन तीसरे और चौथे राउंड के मुकाबले खेले गए। महिला खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और कई मुकाबले कड़े रहे। तीसरे राउंड के प्रमुख मुकाबलों में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी ने मुंबई यूनिवर्सिटी को 2डृ-1डृ से हराया। गोवा यूनिवर्सिटी ने भारती विद्यापीठ और अहमदाबाद यूनिवर्सिटी ने संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी को 4-0 से पराजित किया। सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने आरटीएम नागपुर को 4-0 से हराया, जबकि गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी को 3-1 से हराया। अन्य मुकाबलों में डॉ. सुभाष यूनिवर्सिटी ने राजस्थान यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया। महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा ने स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी को 4-0 से और शिवाजी यूनिवर्सिटी ने डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी को 3-1 से पराजित किया। जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी ने जिवाजी यूनिवर्सिटी को तथा कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ने क्रांतिगुरु श्यामजी कृष्ण वर्मा कच्छ यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया। चौथे राउंड में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी ने गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया। गोवा यूनिवर्सिटी ने सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 2डृ-1डृ से और अहमदाबाद यूनिवर्सिटी ने महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा को 3-1 से पराजित किया। शिवाजी यूनिवर्सिटी ने डॉ. सुभाष यूनिवर्सिटी को 3-1 से, जबकि मुंबई यूनिवर्सिटी ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया। आरटीएम नागपुर ने बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया। भारती विद्यापीठ ने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर यूनिवर्सिटी को 2डृ-1डृ से और संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी ने रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी को 3डृ-डृ से पराजित किया। जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को 3-1 से तथा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात यूनिवर्सिटी ने कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 3-1 से हराया। प्रतियोगिता के सभी राउंड में खेल का निष्पक्ष और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए एआईयू के पर्यवेक्षक डॉ. सत्यवान हरमालकर प्लेइंग हॉल में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा की विभिन्न यूनिवर्सिटी की महिला शतरंज टीमें भाग ले रही हैं।

CMYK

page 8_Layout 1 14-10-2026 21:34 Page 1

पंजाब में 153 नए आम आदमी क्लीनिक का तोहफा देंगे सीएम भगवंत मान

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान बुधवार को होशियारपुर में नए आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन करेंगे। आज से पंजाब वासियों को 153 नए आम आदमी क्लीनिक मिलेंगे। इन 153 नए क्लीनिकों के साथ राज्य में आम आदमी क्लीनिकों की कुल संख्या बढ़कर 1,245 हो जाएगी। हर क्लीनिक में 107 आवश्यक दवाइयां और 47 डायग्नोस्टिक टेस्ट पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध होंगे। सरकार के अनुसार अब तक इन क्लीनिकों से 6.48 करोड़ ओपीडी और 3.63 करोड़ से ज्यादा मुफ्त डायग्नोस्टिक टेस्ट का लाभ लोगों को मिल चुका है। इससे पहले 25 जुलाई को पंजाब में स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों के घर तक पहुंचाने के लिए भगवंत मान सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया था। 25 जुलाई से 27 जुलाई के बीच राज्य के अलग-अलग हिस्सों में नए आम आदमी क्लीनिक शुरू किए गए थे। इन क्लीनिकों का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में किया था। इन नए क्लीनिकों के शुरू होने के बाद पंजाब में आम आदमी क्लीनिकों की कुल संख्या बढ़कर 1,090 हो गई थी। इनमें 73 क्लीनिक शहरी क्षेत्रों में और 27 क्लीनिक ग्रामीण इलाकों में खोले गए थे, जिससे शहरों के साथ-साथ गांवों में भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल सकें। आम आदमी क्लीनिक पंजाब सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य योजना है। इसके तहत गांवों और शहरों में लोगों के घर के पास क्लीनिक स्थापित किए गए हैं, ताकि हर नागरिक को आसानी से इलाज मिल सके। इन क्लीनिकों में बुखार, सर्दी-जुकाम, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी सामान्य बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाता है। डॉक्टर की सलाह के अनुसार जरूरी दवाइयां निशुल्क दी जाती हैं। साथ ही शुगर, टाइफाइड, ब्लड टेस्ट सहित कई जरूरी लैब जांचें भी बिना किसी शुल्क के कराई जाती हैं। प्रत्येक आम आदमी क्लीनिक में एक एमबीबीएस डॉक्टर (या टेली-कंसल्टेशन की सुविधा), एक फार्मासिस्ट और सहायक स्टाफ मौजूद रहता है ताकि मरीजों को समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

पंजाब में कानून-व्यवस्था ध्वस्त, नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले भी सुरक्षित नहीं : सुनील जाखड़

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में नशे के बढ़ते कारोबार, कानून-व्यवस्था की स्थिति और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने नशा-विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि परविंदर सिंह झोटा ने फार्मास्युटिकल ड्रग्स के खिलाफ आवाज उठाई थी और इसके लिए उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। यह पहली ऐसी घटना नहीं है, बल्कि इससे पहले भी नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को इसके परिणाम भुगतने पड़े हैं। जाखड़ ने कहा, ÷पंजाब में नशे के खिलाफ बोलने के कारण लोगों की हत्या किए जाने, उन्हें प्रताड़ित किए जाने और आत्महत्या के लिए मजबूर होने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसी घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या नशे की ओवरडोज से मरने वालों की संख्या से भी अधिक है।÷ भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में पुलिसकर्मियों की जान भी लगातार जा रही है। पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और सरकार इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल रही है। पंजाब की कानून-व्यवस्था को लेकर जाखड़ ने आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था की जगह अरविंद केजरीवाल की प्राथमिकताएं हावी हैं। केजरीवाल कम समय में अधिक से अधिक पैसा इकट्ठा करना चाहते हैं और पंजाब की संपत्ति अपने साथ ले जाना चाहते हैं। जाखड़ ने कहा कि अब केवल 100 दिन शेष हैं और जिम्मेदार लोगों को उनके कथित कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने भगवंत मान के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के खिलाफ हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी तरह अन्य अधिकारियों और राजनीतिक पदाधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति भाग सकता है, लेकिन छिप नहीं सकता। पंजाब में कथित संसाधनों के दोहन और अन्य अनियमितताओं के लिए संबंधित लोगों को जवाब देना होगा। ये सभी आरोप जाखड़ ने राजनीतिक बयान के दौरान लगाए हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद पर जाखड़ ने पंजाब कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि यह पंजाब और विशेष रूप से कांग्रेस के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। पंजाब कांग्रेस दिल्ली के नेतृत्व के निर्देशों पर काम कर रही है और उसकी राजनीतिक स्वतंत्रता प्रभावित हुई है।

पंजाब में ड्रग्स विरोधी एक्टिविस्ट की हत्या पर एनएचआरसी सख्त

प्रियांक कानूनगो बोले-यह कानून-व्यवस्था की विफलता

- कानूनगो ने कहा, इस तरह की घटनाओं से नशा बेचने वालों के हौसले बुलंद होते

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में ड्रग्स के खिलाफ काम करने वाले एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या के मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि यह कानून-व्यवस्था के पूरी तरह से फेल होने का साफ उदाहरण है। प्रियांक कानूनगो ने कहा, पंजाब में ड्रग्स के खिलाफ काम करने वाले एक एक्टिविस्ट की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बेहद गंभीर है और दिखाती है कि ड्रग्स बेचने वाले इतने बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें कानून-व्यवस्था का कोई डर नहीं है। यह कानून-व्यवस्था न होने का एक साफ उदाहरण है। उन्होंने बताया कि आयोग ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए पंजाब के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी किया है और उनसे रिपोर्ट मांगी है। कानूनगो ने कहा कि एनएचआरसी की कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि पंजाब सहित पूरे देश में नशे के खिलाफ काम करने वाले एक्टिविस्ट्स की जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की हो। इसी मकसद से हम पूरे मामले की जांच करेंगे।

प्रियांक कानूनगो ने पंजाब सरकार के रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को सरकार बर्दाश्त करना बंद कर देती है, तो ऐसी घटनाएं होती हैं। उन्होंने इसके दो उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा, एक बार मुख्यमंत्री से जब ड्रग्स के खिलाफ एक व्यक्ति ने बात की तो उसे पीटा गया। एक अन्य मामले में एक व्यक्ति ने वित्त मंत्री की बैठक में ड्रग्स के खिलाफ बात की और कथित तौर पर उसे इतना प्रताड़ित किया गया कि उसने आत्महत्या कर ली। कानूनगो ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से नशा बेचने वालों के हौसले बुलंद होते हैं। उन्हें लगता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, जब सरकार ड्रग्स के कारोबार में शामिल लोगों का साथ देती हुई दिखती है, तो यह एक गंभीर स्थिति होती है। यहां पर आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सरकार को यह रणनीति बनानी होगी कि उसे नशा बेचने वालों पर प्रहार करना है, उनके साथ खड़ा नहीं दिखना है।

परविंदर झोटा हत्याकांड : मुल्लांपुर गरीबदास में कांग्रेस ने निकाला रोष मार्च, मेडिकल स्टोर संचालकों को दी चेतावनी

पंजाब सरकार के खिलाफ की नारेबाजी; नशा तस्करी पर रोक लगाने और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की

डेली आवाज भारती



मुल्लांपुर गरीबदासः (हरतेज सिंह तेजी) मानसा में बीते दिनों एक मेडिकल स्टोर मालिक द्वारा दिन-दहाड़े परविंदर झोटा की गोलियां मारकर की गई हत्या के विरोध में पूरे पंजाब में प्रदर्शन जारी हैं। इसी कड़ी में आज मुल्लांपुर गरीबदास के मुख्य बाजार में कांग्रेस द्वारा एक जोरदार रोष मार्च निकाला गया। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतविंदर सिंह लंबर की अगुवाई में क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया। रोष मार्च के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने परविंदर झोटा के हत्यारों को सख्त से सख्त सजा देने और पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सतविंदर सिंह लंबर ने बाजार के सभी मेडिकल स्टोर मालिकों से नशीली दवाइयां न बेचने की अपील की और साथ ही ऐसा करने वालों को चेतावनी भी दी। प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना रोष व्यक्त किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में नशा लगातार पैर पसार रहा है और पंजाब का युवा नशे की दलदल में धंसता जा रहा है, जबकि सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इस रोष मार्च में ब्लॉक अध्यक्ष सतविंदर सिंह लंबर के अलावा अमरदीप सिंह, गुरदीप सिंह, खुशप्रीत सिंह, परविंदर सिंह, गुरदीप सिंह बिल्ला, तेजवीर सिंह, सतीश कुमार – ब्लॉक समिति सदस्य

कृष्ण मल्होत्रा – मुल्लांपुर

अरविंद लटावा – महासचिव, मोहाली कांग्रेस कमेटी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मैड संधू मर्डर केस में बड़ी कामयाबी

मुख्य आरोपी मुंबई से किया गिरफ्तार

- 3 पिस्टल, 5 मैगजीन और 11 कारतूस बरामद
- शूटर्स को लॉजिस्टिकल सपोर्ट देने में भूमिका
- फायरिंग की तीन घटनाओं में शामिल आरोपी
- अभी तक करीब 10 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः पंजाबी मेकअप आर्टिस्ट मैड संधू मर्डर केस में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। जालंधर काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने मुंबई ज़्स पुलिस के साथ मिलकर मुख्य आरोपी जोबनप्रीत को मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस को 3 पिस्टल, 5 मैगजीन और 11 कारतूस बरामद हुए हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने खुद एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। शुरुआती जांच से पता चला है कि उसने विदेश में बैठे हैंडलर्स के कहने पर शूटर्स को हथियार पहुंचाने, फंडिंग और लॉजिस्टिकल सपोर्ट देने में भूमिका निभाई थी। उसने तरनतारन में रंगदारी से जुड़ी फायरिंग की तीन घटनाओं में अपनी शामिल होने की बात कबूल की है। इस बड़े नेटवर्क का पता लगाने और इसके पीछे और आगे के कनेक्शन का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

अब तक 10 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

अमृतसर में 3 अक्टूबर को मैड संधू की हत्या की गई थी। वह लोहरका रोड स्थित एक कार-वॉशिंग पॉइंट पर अपनी कार लेने पहुंचे थे। तभी बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उनके सीने से सटाकर गोलियां मारीं। गंभीर रूप से घायल मैड संधू को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस मामले में अब तक 10 के करीब गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

कुंजुम पास के नीचे बनेगी टनल, स्पीति के विकास पर खर्च होंगे 500 करोड़

- समदो-काजा ट्रांसमिशन लाइन पर खर्च होंगे 350 करोड
- स्पीति में पर्यटन और शीतकालीन खेलों को मिलेगा बढ़ावा

डेली आवाज भारती



काजा/शिमला। हिमाचल प्रदेश की दुर्गम स्पीति घाटी में सालभर बेहतर सड़क संपर्क, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में सरकार ने कई अहम घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कुंजुम पास के नीचे टनल निर्माण के लिए सर्वे करवाने और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का आश्वासन दिया है। सरकार स्पीति के विकास पर आने वाले समय में 500 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। इसके अलावा काजा में हेलिपोर्ट निर्माण के लिए सर्वे, कॉलेज खोलने की संभावनाओं की पड़ताल और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने अपने दो दिवसीय स्पीति प्रवास के दौरान काजा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुंजुम टनल बनने से क्षेत्र के लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों को वर्षभर बेहतर सड़क संपर्क सुविधा मिल सकेगी। वर्तमान में ऊंचाई वाले दर्रों पर बर्फबारी के कारण आवागमन प्रभावित होता है। ऐसे में टनल निर्माण को क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पहले सर्वे और डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पीति घाटी को प्राकृतिक खेती क्षेत्र बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि काजा में कॉलेज खोलने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ और मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। काजा में हेलिपोर्ट निर्माण के लिए सर्वे करवाने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ आपात परिस्थितियों में भी लोगों को लाभ मिल सकता है। स्पीति में बिजली की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में समदो-काजा ट्रांसमिशन लाइन परियोजना को महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका कार्य तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर लगभग 350 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह पहली बार 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस कार्यक्रम के दौरान इस क्षेत्र में आए थे, तब स्थानीय लोगों ने उनके सामने बिजली की समस्या उठाई थी। अब इस दिशा में किए गए प्रयास धरातल पर उतरने लगे हैं। सरकार का लक्ष्य क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का लगभग 42 प्रतिशत भू-भाग शीत मरुस्थलीय क्षेत्र में आता है। इन दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार विशेष प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्पीति के लोगों की आय दोगुनी करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। स्पीति की भौगोलिक परिस्थितियों और पर्यटन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र को विकास की नई संभावनाओं से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। हेलिपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्तावित सर्वे को इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि क्षेत्र में 75 करोड़ रुपये की लागत से आइस हॉकी ग्राउंड और आठ करोड़ रुपये की लागत से क्रिकेट ग्राउंड स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त स्टार गेजिंग की शुरुआत की गई है और शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और नशे के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

ज़ीरकपुर के सिंहपुरा चौक पर अंबाला-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर दिया धरना; मानसा में परमिंदर झोटे की हत्या को लेकर सरकार पर साधे निशाने

डेली आवाज भारती



पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

ज़ीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिलः पंजाब में दिन-प्रतिदिन चरमराती कानून-व्यवस्था और बढ़ती नशे की समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आज अंबाला-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग स्थित सिंहपुरा चौक पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग पर धरना देकर पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राज्य में अमन-कानून की बदतर होती स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। इस रोष प्रदर्शन में भाजपा पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह गिल, प्रदेश सचिव संजीव खन्ना, ओबीसी मोर्चा पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरदर्शन सिंह सैनी के सुपुत्र हरदीप सिंह सैनी, जिला मोहाली भाजपा अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ, महासचिव परमिंदर बराड़ और जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने पंजाब सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों और नशा तस्करों के हौसले बुलंद हैं, जबकि सरकार नशे पर लगाम लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। नेताओं ने मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेता परमिंदर सिंह झोटे की हुई सरेआम हत्या पर गहरे दुख और रोष का प्रकटीकरण किया। उन्होंने कहा कि दिन-दहाड़े घटित हो रही ऐसी खूनी घटनाओं ने आम लोगों में दहशत और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हरदीप सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में कानून का राज बहाल करना और नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करना मौजूदा सरकार की सबसे मुख्य जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने मांग की कि मानसा हत्याकांड की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए और नशा तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए। भाजपा नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने और नशे के पूर्ण खात्मे के लिए कोई प्रभावशाली कदम नहीं उठाए जाते, तब तक भाजपा आम जनता की आवाज बनकर सरकार के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी।

रेलवे पुलिस का बड़ा एक्शन

6 आरोपी गिरफ्तार, 9 मोबाइल बरामद

डेली आवाज भारती



पठानकोट/ गुरदासपुर (हरजिंदर गोराया) : जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी के 9 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पठानकोट कैंट, गुरदासपुर और बटाला रेलवे स्टेशनों पर विशेष नाकाबंदी और चेकिंग के दौरान की गई। सभी आरोपितों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखविंद्र सिंह सरां ने बताया कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए आरपीएफ के सहयोग से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली और चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए। दूसरी कार्रवाई गुरदासपुर रेलवे स्टेशन पर की गई। एएसआई तरणजीत के नेतृत्व में गठित टीम प्लेटफार्म नंबर-1 के दक्षिणी हिस्से में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सुनील कुमार उर्फ शील (24), निवासी भरोली कलां, और शंकर (21), निवासी दौलतपुर, पठानकोट, को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान दोनों से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, दोनों मोबाइलों के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

बटाला में दो आरोपियों से मिले मोबाइल

तीसरी कार्रवाई बटाला रेलवे स्टेशन पर की गई। एएसआई कुलजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ओवरब्रिज वाले क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान विशाल उर्फ कालू (27), निवासी भरोली खुर्द, और राधे सैनी (32), निवासी दौलतपुर, को काबू किया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद मोबाइलों के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दोनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।